# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, गुरुवार 8 जनवरी 2026



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | = ₹103084/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | = ₹125900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | = ₹137431/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels, Pandri, Raipur

*Conditions apply





## भारतीय छात्रों को वीजा रद्द करने की चेतावनी से मची खलबली

# अमेरिकी दूतावास का बड़ा फरमान कानून तोड़ा तो सीधे होंगे डिपोर्ट

भारत और अमेरिका के बीच संबंधों में पिछले कुछ महीनों में दरार देखने को मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विभिन्न फैसलों और बयानों से दोनों देशों में तनाव और बढ़ा है। इस बीच, अमेरिका ने बुधवार को अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को चेतावनी दी है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने दो टूक कहा है कि अमेरिकी कानूनों को तोड़ने पर देश से भी निकाला जा सकता है।

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

भारत में अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अमेरिकी कानूनों को तोड़ने पर आपके स्टूडेंट वीजा के लिए गंभीर नतीजे हो सकते हैं। अगर आपको गिरफ्तार किया जाता है या आप कोई कानून तोड़ते हैं, तो आपका वीजा रद्द किया जा सकता है, आपको देश से निकाला जा सकता है, और आप भविष्य में अमेरिकी वीजा के लिए अयोग्य हो सकते हैं। नियमों का पालन करें और अपनी यात्रा को खतरे में न डालें। अमेरिकी वीजा एक सुविधा है, अधिकार नहीं। ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास खबर

### एच-1बी और एच-4 वर्क वीजा के लिए भी सख्ती

पिछले हफ्ते दूतावास ने एच-1बी और एच-4 वर्क वीजा चाहने वालों के लिए एक चेतावनी जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि अमेरिकी आव्रजन कानूनों के उल्लंघन से महत्वपूर्ण आपराधिक दंड हो सकते हैं। यह ताजा चेतावनी डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाली अमेरिकी सरकार द्वारा अवैध आप्रवासन पर चल रही कार्रवाई और एच-1बी और छात्र वीजा प्रक्रिया को सख्त बनाने के बीच आई है।



### अमेरिका में कितने भारतीय छात्र

2017 की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में भारतीय छात्रों की संख्या 186,000 थी। 2019 में, अमेरिका को चुनने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 4% की गिरावट आई। 2020 में, अमेरिका में कम से कम 207,000 भारतीय अंतर्राष्ट्रीय छात्र मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में 4.2 लाख भारतीय छात्र अमेरिका में पढ़ाई कर रहे थे।

### अमेरिका ने वेनेजुएला के तेल टैंकरों पर किया कब्जा

*अमेरिका ने उत्तरी अटलांटिक और कैरेबियन में एक के बाद एक की गई दो कार्रवाइयों में वेनेजुएला से जुड़े दो प्रतिबंधित तेल टैंकरों को जब्त कर लिया। अमेरिका-यूरोपीय कमान ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में 'अमेरिकी प्रतिबंधों के उल्लंघन' के आरोप में व्यापारिक पोत बेला-1 को जब्त करने की घोषणा की। अमेरिका पिछले महीने से इस टैंकर का पीछा कर रहा था, क्योंकि इसने वेनेजुएला के आसपास प्रतिबंधित तेल जहाजों पर अमेरिकी नाकेबंदी से बचने की कोशिश की थी। अमेरिका की गृह मंत्री क्रिस्टी नोएम ने खुलासा किया कि अमेरिकी सेना ने कैरिबियन में टैंकर सोफिया पर भी नियंत्रण स्थापित कर लिया है। नोएम ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि दोनों जहाज या तो आखिरी बार वेनेजुएला में रुके थे या उसकी ओर जा रहे थे।*

# 26 नक्सलियों की एक और खेप का समर्पण, 18 पर 64 लाख का इनाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/कोण्टा

सुकमा, अबूझमाड़ व ओडिशा के सरहदी इलाकों में कई बड़ी वारदातों में शामिल 64 लाख के ईनामी 18 कैडर नक्सलियों समेत 26 नक्सलियों बुधवार को सुकमा में एसपी किरण चव्हाण के समक्ष समर्पण कर मुख्यधारा में शामिल हो गए। समर्पित नक्सलियों में 10 लाख की ईनामी लाली उर्फ मुचाकी आयते समेत 7 महिला भी शामिल है।

■ समर्पित नक्सलियों में 10 लाख की ईनामी लाली समेत 7 महिला भी शामिल

आईजी सुदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि छग शासन की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति एवं पूना मार्गेम पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैंपों की स्थापना एवं तेज नक्सल ऑपरेशन से मिल रही लगातार सफलताओं से माओवादी संगठन अब समाप्ति की ओर है। शेष माओवादियों के पास सिर्फ एक ही विकल्प है हिंसा छोड़कर शांति और विकास के मार्ग अपनाने पूना मार्गेम पुनर्वास से पुनर्जीवन अभियान में शामिल हो। आईजी ने कहा कि बस्तर में माओवाद अब अपने अंतिम चरण में है। माओवाद संगठन की संरचना पूरी तरह बिखर चुकी है और उनकी किसी भी प्रकार की हिंसक गतिविधियां और भय फैलाने की कोशिश ▶▶| शेष पेज 6 पर

### समर्पित नक्सलियों में यह शामिल


समर्पण करने वाले नक्सलियों में 10 लाख की ईनामी प्लाटून 2 की डिप्टी कमाण्डर व सीवायपीसीएम लाली उर्फ मुचाकी आयते के अलावा 8-8 लाख के ईनामी प्लाटून नंबर 4 का कमाण्डर हेमला लखमा, आसमिता उर्फ कमलू सन्नी, रामबत्ती उर्फ संध्या उर्फ पदाम जोगी, सुण्डाम पाले, 5-5 लाख का ईनामी निलेश उर्फ हेमला भीमा, मुचाकी संदीप उर्फ हिड़मा, मड़कम चैते उर्फ मंगली, 3 लाख का ईनामी ताती सोमडू, 2 लाख का ईनामी मुचाकी देवा, 1 लाख की ईनामी सरिता उर्फ इरपा सीते, बेटी मासा उर्फ वासू, हेमला दशरू उर्फ अजय, विजय मुचाकी व अन्य शामिल है।

# कुत्ते के नाम के विकल्प में 'राम', प्रश्नपत्र से शब्द विलोपित करने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महासमुंद जिले में अर्द्धवार्षिक परीक्षा में पूछे गए सवाल को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। हालांकि विवाद बढ़ता देखकर जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा विवादित प्रश्न में संशोधन संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। मामला कक्षा चौथी का है। जिले में चल रही अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंतर्गत चौथी कक्षा का इंग्लिश विषय का पर्चा 7 जनवरी को लिया गया। ▶▶| शेष पेज 6 पर

■ मामला महासमुंद का, जिला शिक्षा कार्यालय ने जारी किया आदेश



### यह है आदेश में

जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद द्वारा समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी के लिए आदेश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि कक्षा चौथी के अंग्रेजी विषय के अर्द्धवार्षिक परीक्षा के अंतर्गत 7 जनवरी में प्रश्न क्र.1 के विकल्प D को ▶▶| शेष पेज 6 पर

### केंद्रीकृत परीक्षाएं

परिणाम सुधारने अधिकतर जिलों में मौजूदा सत्र में केंद्रीकृत परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के प्रश्नपत्र केंद्रीकृत छापे जा रहे हैं। सभी विद्यालयों में एक समान प्रश्नपत्र वितरित होने की स्थिति में छात्रों का मूल्यांकन एक ही मापदंड पर होता है। पांचवी-आठवीं की परीक्षाएं पुनः बोर्ड होने के बाद अन्य कक्षाओं की परीक्षाओं को गंभीरतापूर्वक लिया जा रहा है ताकि बोर्ड परिणाम भी बेहतर हो सकें।

## सीयू में राष्ट्रीय परिसंवाद के दौरान की घटना

# कुलपति ने आपा खोया, साहित्यकार को कार्यक्रम से निकाल दिया बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में साहित्य अकादमी नई दिल्ली एवं हिन्दी विभाग गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को समकालीन हिन्दी कहानीः बदलते जीवन संदर्भ पर राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल अपना आपा खो बैठे और उन्होंने एक साहित्यकार कथाकार मनोज रुपड़ा को अपमानित करते हुए कार्यक्रम से बाहर निकाल दिया। अचानक कुलपति के बदले रवैये से नाराज होकर कुछ और साहित्यकार कार्यक्रम से उठकर चले गए।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में इस घटना को लेकर आज पूरे दिन चर्चा बनी रही। सेंट्रल यूनिवर्सिटी के आडिटोरियम के एक नंबर हाल में राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र चल रहा था। यह राष्ट्रीय परिसंवाद साहित्य अकादमी ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास खबर





### साहित्यकार का व्यवहार मर्यादानुसार नहीं था

यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम से साहित्यकार को अपमानित करके भगाया नहीं है। कार्यक्रम में कुलपति का अध्यक्षीय उद्बोधन चल रहा था, उसी बीच बाहर से आए एक साहित्यकार का कुलपति के साथ संवाद मर्यादानुसार नहीं था। इसलिए उक्त साहित्यकार को वहां से जाने के लिए कहा गया, क्योंकि कुलपति की एक मर्यादा होती है।

-प्रो. मनीष श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी, सीयू




## उद्योगपति अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश का अमेरिका में निधन

# बेटे की मौत से टूटे वेदांता के चेयरमैन अनिल कहा- बाप के कंधे पर बेटे की अर्थी, इससे बुरा क्या?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता समूह के संस्थापक अनिल अग्रवाल के बेटे अग्निवेश अग्रवाल का अमेरिका में निधन हो गया। वह 49 वर्ष के थे। बेटे के निधन के बाद अनिल अग्रवाल ने फेसबुक पोस्ट पर अपना दर्द बयां किया। उन्होंने लिखा है, आज मेरे जीवन का सबसे दर्दनाक दिन है। मेरा अग्निवेश, मेरा 49 साल का बेटा, आज हमारे बीच नहीं रहा। एक बाप के कंधे पर बेटे की अर्थी जाए, इससे बुरा और क्या हो सकता है। अग्निवेश अपने दोस्त के साथ अमेरिका में स्कीइंग करने गया था। वहां एक्सीडेंट हो गया। वह माउंट सिनाई हॉस्पिटल, न्यूयार्क में ठीक हो रहा था। हमें लगा सब ठीक हो जाएगा... लेकिन अचानक कार्डियक अरेस्ट हो गया। और हमारा बच्चा हमें छोड़कर चला गया।



3 जून 1976 को पटना में जब अग्नि हमारी दुनिया में आया, वो पल आज भी आंखों के सामने है। एक मिडिल क्लास बिहारी परिवार में जन्मा था अग्नि। तुम्हारे साथ बिताया गया हर एक पल आज बहुत याद आ रहा है बेटा। अपनी मां का दुलारा अग्नि बचपन में बेहद चंचल और शरारती था। हमेशा हंसता, हमेशा मुस्कुराता। यारों का यार था वो, और अपनी बहन प्रिया को लेकर सबसे प्रोटेक्टिव भी। उसने मेयो कॉलेज, अजमेर में पढ़ाई की। बेहद स्ट्रांग पर्सनालिटी थी अग्नि की। बॉक्सिंग चैंपियन, हॉर्स राइडिंग का शौकीन, और कमाल का म्यूजिसियन। उसने फ्यूजेराह गोल्ड जैसी शानदार कंपनी खड़ी की, और हिंदुस्तान जिंक का चेयरमैन भी बना।

लेकिन इन सबसे ऊपर अग्नि बेहद सिम्पल था। हमेशा अपने फ्रेंड्स और कॉलेजेस के बीच में ही रहता था। जिससे भी मिलता, उसे अपना बना लेता था। वो हमेशा ज़मीन से जुड़ा रहा सीधा, सच्चा, जिंदादिली और इंसानियत से भरा। वो सिर्फ बेटा नहीं था - वो मेरा दोस्त था, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### स्कीइंग के दौरान हुए थे घायल

अग्निवेश वेदांता समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड के निदेशक मंडल में शामिल थे। वह अमेरिका में स्कीइंग के दौरान घायल हो गए थे और उपचार के बीच दिल का दौरा पड़ने से उनकी मृत्यु हो गई। अनिल अग्रवाल के दो बच्चों में दिवंगत पुत्र अग्निवेश के अलावा पुत्री प्रिया शामिल हैं। प्रिया वेदांता के निदेशक मंडल में हैं और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की चेयरपर्सन हैं।

## बस्तर में वन विभाग ड्रोन से हिंसक जानवर की कर रहा निगरानी




# एक सप्ताह में बाघ ने 3 क्षेत्रों में 13 मवेशियों का किया शिकार

## निगरानी पर भानपुरी, मारेंगा व कोलेंग क्षेत्र में 25 अधिकारी, कर्मियों की टीम तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

ड्रोन थर्मल कैमरे से रात में भी जानवरों की गतिविधियों को ट्रैक करते हैं। ग्रामीणों को सतर्क करते हैं, साथ ही उनके मूवमेंट को समझने में मदद कर रहे हैं। बस्तर में वन विभाग ड्रोन का उपयोग करके बाघों और अन्य जानवरों की गतिविधियों पर नजर रख रहा है, ताकि वे इंसानी बस्तियों के करीब न आएं और मानव-वन्यजीव संघर्ष को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सके। जंगली जानवर की निगरानी पर भानपुरी, मारेंगा एवं कोलेंग क्षेत्र 25 अधिकारी, कर्मचारियों की टीम यानि लगभग 75 लोग तैनात किया गया है। घने जंगलों से भरपूर बस्तर में अब बड़े जंगली जानवर जंगलों से निकलकर शहरी और ग्रामीण इलाकों का रुख कर रहे हैं। कहीं मवेशियों का शिकार कर रहे हैं तो कहीं जानवर के पैरों के चिन्ह बड़ी संख्या में नजर आ रहे हैं।





बस्तर जिले में वन विभाग हिंसक जानवरों, खासकर बाघों की निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है, ताकि मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम किया जा सके। हाल ही में कुछ बाघ खेतों और गांवों के पास देखे गए हैं। एक सप्ताह में भानपुरी क्षेत्र में 9, कोलेंग क्षेत्र में 3 एवं मारेंगा क्षेत्र में बाघ ने 13 मवेशियों का शिकार किया है। जिसकी जानकारी वन विभाग को मिली थी। वन विभाग ने मौके पर जानवर के चिन्ह देखें थे। जहां ऐसे ही चिन्ह मिले थे। इस लिहाज से वन विभाग की टीम सर्च ऑपरेशन चला रही है।

### बाघ दिखे तो उसे सीधे जाने का रास्ता दें


बस्तर के जंगल में बाघ की मौजूदगी पर वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि यह टाइघर उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व इलाके से विचरण करते हुए कोंडागांव इलाके से बस्तर जिले में प्रवेश किया है। इसके फुट प्रिंट के अनुसार यह मेल टाइगर है। छत्तीसगढ़ में किए गए सर्वे के अनुसार छत्तीसगढ़ में टाइगर की संख्या 35 है, यह उनमें से ही एक है। जहां-जहां इस टायगर के निशान पाए जा रहे हैं। उन इलाकों में मुनादी कराई जा रही है, लोगों को अलर्ट किया जा रहा है कि वह जंगल की ओर न जाएं।





### लोगों को किया जा रहा अलर्ट

वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि लोगों को मुनादी के जरिए इस बाघ को लेकर अलर्ट किया जा रहा है। अगर यह बाघ किसी मवेशी को नुकसान पहुंचाता है तो शासन के नियमानुसार मुआवजा राशि तत्काल जारी किया जाएगा।



### गन्ने के खेत में मिले पदचिन्ह

बस्तर जिले के तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोसनपाल कानाकुरुषपाल में जंगली जानवर के पैर के निशान देखे गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि साल के सबसे बड़े दियारी का त्यौहार 30 दिसंबर को मनाया गया। इसी दिन सुबह के समय गन्ने के खेतों में किसानों ने सिंचाई की थी। जिसके कारण खेत की मिट्टी गीली थी। इसी रात विशाल जंगली जानवर खेतों में घुसा, जिसके पैरों के निशान 31 दिसंबर को ग्रामीणों ने खेतों में देखा।

### बाघ होने की संभावना

चित्रकोट के एसडीओ योगेश कुमार रात्रे एवं भानपुरी के एसडीओ इंद्रप्रसाद बंजारे ने पदचिन्ह देखने के बाद बाघ होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भानपुरी, मारेंगा एवं कोलेंग 13 मवेशियों का शिकार हुआ था।

## कृषि विभाग का नया आदेश, किसानों को 15 जनवरी से 31 तक का समय

# धान खरीदी में परेशानियों का हल, छूटे किसानों का हो सकेगा नया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 के दौरान किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने में आ रही परेशानियों का हल अब निकलने की संभावना बनी है। कृषि विभाग ने किसानों की मांगों और परेशानियों के मद्देनजर राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर नवीन पंजीयन और पूर्व में पंजीकृत किसानों के डाटा को कैरी फार्वर्ड के लिए अतिरिक्त समय देने का आदेश जारी किया है।



### अब किस तारीख तक हो सकेंगे कौन से काम

कृषि विभाग ने किसानों के धान बेचने संबंधी मामले को लेकर आ रही शिकायतों के मद्देनजर पांच बिंदुओ के आधार पर समाधान निकालने की कोशिश की है। अब ये काम इस तारीख तक हो सकेंगे। कैरी फारवर्ड 15 जनवरी तक, वन अधिकार पट्टाधारी कृषकों का नवीन पंजीयन 15 जनवरी तक, 26 तक, सभी प्रकार के संशोधन 31 जनवरी तक,त रुटि पूर्ण आधार के प्रकरण में पूर्व पंजीयन निरस्त कर नवीन पंजीयन 15 जनवरी तक, राजस्व विभाग द्वारा की गई गिरदावरी एवं भौतिक सत्यापन के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा पर नवीन पंजीयन भी 15 जनवरी तक हो सकेगा।

### अब जारी हुआ ये आदेश

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने आदेश जारी किया है। यह आदेश, सचिव वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सचिव सहित राज्य के सभी कलेक्टरों के लिए दिया गया है।

### किसानों के आग्रह पर ये कदम

कृषि विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राजस्व विभाग के अधिकारियों, पटवारियों द्वारा किए गये भौतिक सत्यापन के बाद विवरण संशोधन का प्रावधान 7-जनवरी -2026 तक समस्त समितियों में समिति लॉगिन में किया गया है।

### किसानों की परेशानियों की हैं ये कहानियां

राज्य के अलग-अलग जिलों से धान बेचने में आ रही परेशानियों का सिलसिला कई दिनों से चल रहा है। धान खरीदी शुरु होने के बाद सिस्टम लॉक होने के बाद किसानों को काफी परेशानी हो रही थी, जैसे अगर उन्होंने पिछले साल धान बेचा है, तो इस साल उनका डाटा कैरी फार्वर्ड नहीं हो रहा था। कुछ किसान जिनका स्वर्गवास धान खरीदी होने के समय ही हो गया तो उनका धान बिक पाना मुश्किल हो गया था। इसके लिए वारिसान पंजीयन कराना आवश्यक था। कुछ किसानों की जमीनें अलग-अलग गांवों में है लेकिन उनका रकबा सिस्टम में जुड़ नहीं पा रहा है, इसकी वजह से किसान धान बेच नहीं पा रहे थे। इस प्रकार किसी किसान ने नई जमीन खरीद ली है, लेकिन उसके नाम पंजीयन नहीं पाया था। बड़ी संख्या में किसान एप के माध्यम से हुई गिरदावरी से संकट में आ गए थे।

## पैनल में प्राचार्य और स्पेशल एजूकेटर भी शामिल

# साइको-सोशल काउंसिलिंग करेगा सीबीएसई तनाव प्रबंधन के देगा टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए साइको-सोशल काउंसिलिंग सेवाएं शुरू कर दी हैं। यह पहल बोर्ड परीक्षा 2026 से पहले छात्रों में बढ़ते



परीक्षा तनाव और भावनात्मक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए की गई है। सीबीएसई के अनुसार, यह वार्षिक मुफ्त काउंसलिंग सेवा का पहला चरण है, जो 6 जनवरी से शुरू होकर 1 जून 2026 तक जारी रहेगा। छात्र और अभिभावक इस टेलीकम्युनिकेशन सेवा का लाभ सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक ले सकते हैं। यह सेवा शनिवार और रविवार को उपलब्ध नहीं रहेगी।

### वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं संसाधन

सीबीएसई ने बताया कि तनाव प्रबंधन, प्रभावी अध्ययन रणनीतियों और भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़े चयनित संसाधन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं। ये संसाधन छात्रों के लिए सरल, उपयोगी और आसानी से उपलब्ध कराए गए हैं। बोर्ड ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे इन सेवाओं का अधिक से अधिक उपयोग करें, ताकि परीक्षा अवधि के दौरान मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बने रह सकें।

## हाईकोर्ट में अब आज होगी मामले की सुनवाई

# सौम्या की अग्रिम जमानत याचिका शासन ने जवाब के लिए मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

डिप्टी सेक्रेटरी रही सौम्या चौरसिया को ईडी के बाद अब ईओडब्ल्यू की गिरफ्तारी का डर सता रहा है। इसके चलते उन्होंने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। इस मामले में हाईकोर्ट की सुनवाई के बाद शासन ने जवाब पेश करने के लिए समय मांगा है। लिहाजा, अब गुरुवार को मामले की सुनवाई होगी। दरअसल, शराब घोटाले के केस में ईओडब्ल्यू ने सौम्या चौरसिया को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही ईओडब्ल्यू ने उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर लेने के लिए ईडी की स्पेशल बेंच में आवेदन प्रस्तुत किया है।



सौम्या के वकील हर्षवर्धन परगनिहा ने हाईकोर्ट में कहा है कि, ईडी की टीम ने राजनीतिक षडयंत्र के तहत इस केस की जांच की है। जिसके बाद सुनियोजित साजिश के तहत फंसाने के लिए मामले को ईओडब्ल्यू को सौंपा है। ढाई साल पुराने इस केस में सौम्या चौरसिया का कोई लेना-देना नहीं है। इसके बाद भी उन्हें गिरफ्तार कर परेशान करना चाहती है। ध्यान रहे कि शराब घोटाले से संबंधित मामलों की 13 जनवरी से ट्रायल भी शुरू होना है। ईडी ने अपनी जांच में पाया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में सिंडिकेट के जरिए घोटाले को अंजाम दिया गया था।

# महादेव सट्टा के प्रमोटर, साथियों की 92 करोड़ रुपए की संपत्ति ईडी ने की अटैच

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

महादेव सट्टा एप तथा स्काय एक्सचेंज के नाम से सट्टा संचालन करने वाले प्रमोटरों की ईडी ने 91.82 करोड़ रुपए की चल-अलच संपत्ति अटैच की है। इस कार्रवाई में ईडी ने मिस परफेक्ट प्लान इन्वेस्टमेंट एलएलसी और मेसर्स एक्जिम जनरल ट्रेडिंग-जीजेडसीओ के नाम पर रखे गए कुल 74 करोड़ 28 लाख 87 हजार 483 रुपए के बैंक बैलेंस को अटैच किया है। ये संस्थाएं सौरभ चंद्राकर, अनिल कुमार अग्रवाल और विकास छपारिया की हैं।

ईडी ने सौरभ चंद्राकर तथा उससे जुड़े जिन लोगों की 74 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति अटैच की है, उन लोगों ने सट्टा से कमाई रकम को व्हाइट करने हरि शंकर टिबरेवाल की कंपनी में स्काय एक्सचेंज निवेश किया था। इसके अलावा ईडी ने सौरभ चंद्राकर के सहयोगी गगन गुप्ता की

### महादेव के प्रमोटर ने कंपनी बनाकर सट्टे की रकम को किया था निवेश

17.5 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच की है। अटैच की गई संपत्तियों में गगन गुप्ता के परिवार के सदस्यों के नाम पर रखी गई महंगी रियल एस्टेट और लिक्विड एसेट्स शामिल हैं, जिन्हें कैश में खरीदा गया था। ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक महादेव सट्टा एप की काली कमाई को महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ तथा उसके साथियों ने बड़े पैमाने पर स्काय एक्सचेंज में निवेश किया। रकम निवेश करने बेनामी खातों बनाए गए। सट्टा संचालित करने महादेव के प्रमोटरों ने वेबसाइट, मोबाइल में कई एप्लिकेशन तैयार किए थे। वेबसाइटों को इस तरह से हेरफेर कर किया गया था कि सभी ग्राहकों को फायदा कम, नुकसान ज्यादा हो।ईडी द्वारा जारी बयान के अनुसार सट्टा एप के माध्यम से हजारों करोड़ रुपए का फंड इकट्ठा किया गया और पहले से तय प्रॉफिट-शेयरिंग तरीके से बांटा गया। इसके अलावा बैंक खाता खोलने के लिए जाली या चोरी किए गए केवायसी का भी इस्तेमाल किया गया और सट्टे की कमाई छिपाने के लिए लेयर किया गया। इन सभी लेनदेन का न तो हिसाब रखा गया और न ही उन्हें टैक्स के दायरे में लाया गया। जांच में आगे पता चला कि इन अवैध सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म से कमाए गए पैसे हवाला चैनलों, ट्रेड-बेस्ड मनी लॉड्रिंग ट्रांजेक्शन और क्रिप्टो-एसेट्स के इस्तेमाल से भारत के बाहर ट्रांसफर किए गए और बाद में उन्हें वापस लाकर फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स (एफपीआईएस) के नाम पर भारतीय शेयर बाजार में इन्वेस्ट किया गया। ईडी ने अपनी जांच में एक जटिल कैश बैक स्कीम के बारे में जानकारी जुटाई है। सट्टे की कमाई को जिन भारतीय एफपीआईएस कंपनियों में निवेश कर रकम की अदला-बदली करते थे।





| Price S. No. | Price Iteam | Winner Of Coupen No. |
|---|---|---|
| 1 | I PHONE | 742607 |
| 2 | I PHONE | 261801 |
| 3 | I PHONE | 723577 |
| 4 | I PHONE | 564888 |
| 5 | I PHONE | 159511 |
| 6 | SAMSUNG ANDROID | 783863 |
| 7 | SAMSUNG ANDROID | 398854 |
| 8 | SAMSUNG ANDROID | 583649 |
| 9 | SAMSUNG ANDROID | 609315 |
| 10 | SAMSUNG ANDROID | 211773 |
| 11 | SAMSUNG ANDROID | 468557 |
| 12 | SAMSUNG ANDROID | 786363 |
| 13 | SAMSUNG ANDROID | 511477 |
| 14 | SAMSUNG ANDROID | 576873 |
| 15 | SAMSUNG ANDROID | 537176 |
| 16 | AC VOLTAS 1.5 TON | 790404 |
| 17 | AC VOLTAS 1.5 TON | 788092 |
| 18 | AC VOLTAS 1.5 TON | 122218 |
| 19 | AC VOLTAS 1.5 TON | 530639 |
| 20 | AC VOLTAS 1.5 TON | 790999 |
| 21 | SAMSUNG FREEZE | 723576 |
| 22 | SAMSUNG FREEZE | 291908 |
| 23 | SAMSUNG FREEZE | 277798 |
| 24 | SAMSUNG FREEZE | 661519 |
| 25 | SAMSUNG FREEZE | 702539 |
| 26 | 50 gm Silver | 475672 |
| 27 | 50 gm Silver | 681316 |
| 28 | 50 gm Silver | 215820 |
| 29 | 50 gm Silver | 593811 |
| 30 | 50 gm Silver | 216874 |
| 31 | 50 gm Silver | 327913 |
| 32 | 50 gm Silver | 166403 |
| 33 | 50 gm Silver | 190306 |
| 34 | 50 gm Silver | 141676 |
| 35 | 50 gm Silver | 152296 |
| 36 | 50 gm Silver | 745332 |
| 37 | 50 gm Silver | 696434 |
| 38 | 50 gm Silver | 148977 |
| 39 | 50 gm Silver | 729524 |
| 40 | 50 gm Silver | 730134 |
| 41 | 50 gm Silver | 697175 |
| 42 | 50 gm Silver | 682512 |
| 43 | 50 gm Silver | 514074 |
| 44 | 50 gm Silver | 317973 |
| 45 | 50 gm Silver | 633124 |
| 46 | 50 gm Silver | 715555 |
| 47 | 50 gm Silver | 732357 |
| 48 | 50 gm Silver | 745190 |
| 49 | 50 gm Silver | 754326 |
| 50 | 50 gm Silver | 727024 |
| 51 | 50 gm Silver | 745338 |
| 52 | 50 gm Silver | 582091 |
| 53 | 50 gm Silver | 597001 |
| 54 | 50 gm Silver | 799904 |
| 55 | 50 gm Silver | 597247 |
| 56 | 50 gm Silver | 694703 |
| 57 | 50 gm Silver | 112050 |
| 58 | 50 gm Silver | 684927 |
| 59 | 50 gm Silver | 633097 |
| 60 | 50 gm Silver | 638394 |
| 61 | 50 gm Silver | 730377 |
| 62 | 50 gm Silver | 638483 |
| 63 | 50 gm Silver | 743379 |
| 64 | 50 gm Silver | 772110 |
| 65 | 50 gm Silver | 753265 |
| 66 | 50 gm Silver | 772965 |
| 67 | 50 gm Silver | 754736 |
| 68 | 50 gm Silver | 745860 |
| 69 | 50 gm Silver | 772966 |
| 70 | 50 gm Silver | 593612 |
| 71 | 50 gm Silver | 638016 |
| 72 | 50 gm Silver | 593176 |
| 73 | 50 gm Silver | 638371 |
| 74 | 50 gm Silver | 582922 |
| 75 | 50 gm Silver | 629899 |

| | | |
|---|---|---|
| 76 | 50 gm Silver | 211692 |
| 77 | 50 gm Silver | 149858 |
| 78 | 50 gm Silver | 144108 |
| 79 | 50 gm Silver | 143436 |
| 80 | 50 gm Silver | 211472 |
| 81 | 50 gm Silver | 322877 |
| 82 | 50 gm Silver | 145376 |
| 83 | 50 gm Silver | 322909 |
| 84 | 50 gm Silver | 167092 |
| 85 | 50 gm Silver | 112748 |
| 86 | 50 gm Silver | 486636 |
| 87 | 50 gm Silver | 734775 |
| 88 | 50 gm Silver | 713575 |
| 89 | 50 gm Silver | 684946 |
| 90 | 50 gm Silver | 190314 |
| 91 | 50 gm Silver | 141598 |
| 92 | 50 gm Silver | 161037 |
| 93 | 50 gm Silver | 352886 |
| 94 | 50 gm Silver | 334876 |
| 95 | 50 gm Silver | 141082 |
| 96 | 50 gm Silver | 141596 |
| 97 | 50 gm Silver | 211453 |
| 98 | 50 gm Silver | 161110 |
| 99 | 50 gm Silver | 327911 |
| 100 | 50 gm Silver | 322460 |
| 101 | 50 gm Silver | 135839 |
| 102 | 50 gm Silver | 141758 |
| 103 | 50 gm Silver | 757946 |
| 104 | 50 gm Silver | 470273 |
| 105 | 50 gm Silver | 593114 |
| 106 | 50 gm Silver | 145373 |
| 107 | 50 gm Silver | 143516 |
| 108 | 50 gm Silver | 152282 |
| 109 | 50 gm Silver | 143422 |
| 110 | 50 gm Silver | 681495 |
| 111 | 50 gm Silver | 682060 |
| 112 | 50 gm Silver | 736997 |
| 113 | 50 gm Silver | 757745 |
| 114 | 50 gm Silver | 756186 |
| 115 | 50 gm Silver | 727067 |
| 116 | 50 gm Silver | 756654 |
| 117 | 50 gm Silver | 216411 |
| 118 | 50 gm Silver | 317952 |
| 119 | 50 gm Silver | 655942 |
| 120 | 50 gm Silver | 114570 |
| 121 | 50 gm Silver | 400123 |
| 122 | 50 gm Silver | 772777 |
| 123 | 50 gm Silver | 559236 |
| 124 | 50 gm Silver | 425850 |
| 125 | 50 gm Silver | 514216 |
| 126 | 25 gm Silver | 664023 |
| 127 | 25 gm Silver | 706769 |
| 128 | 25 gm Silver | 714856 |
| 129 | 25 gm Silver | 252243 |
| 130 | 25 gm Silver | 799997 |
| 131 | 25 gm Silver | 723264 |
| 132 | 25 gm Silver | 672255 |
| 133 | 25 gm Silver | 696439 |
| 134 | 25 gm Silver | 294576 |
| 135 | 25 gm Silver | 372132 |
| 136 | 25 gm Silver | 786152 |
| 137 | 25 gm Silver | 261451 |
| 138 | 25 gm Silver | 313813 |
| 139 | 25 gm Silver | 578821 |
| 140 | 25 gm Silver | 246614 |
| 141 | 25 gm Silver | 711677 |
| 142 | 25 gm Silver | 635990 |
| 143 | 25 gm Silver | 409306 |
| 144 | 25 gm Silver | 118144 |
| 145 | 25 gm Silver | 354543 |
| 146 | 25 gm Silver | 173561 |
| 147 | 25 gm Silver | 385572 |
| 148 | 25 gm Silver | 602811 |
| 149 | 25 gm Silver | 153681 |
| 150 | 25 gm Silver | 659896 |
| 151 | 25 gm Silver | 158046 |
| 152 | 25 gm Silver | 659988 |
| 153 | 25 gm Silver | 365791 |

| | | |
|---|---|---|
| 154 | 25 gm Silver | 296799 |
| 155 | 25 gm Silver | 638960 |
| 156 | 25 gm Silver | 643354 |
| 157 | 25 gm Silver | 234801 |
| 158 | 25 gm Silver | 462095 |
| 159 | 25 gm Silver | 423678 |
| 160 | 25 gm Silver | 386334 |
| 161 | 25 gm Silver | 135998 |
| 162 | 25 gm Silver | 787856 |
| 163 | 25 gm Silver | 452659 |
| 164 | 25 gm Silver | 392802 |
| 165 | 25 gm Silver | 715724 |
| 166 | 25 gm Silver | 574743 |
| 167 | 25 gm Silver | 423200 |
| 168 | 25 gm Silver | 781551 |
| 169 | 25 gm Silver | 141667 |
| 170 | 25 gm Silver | 386234 |
| 171 | 25 gm Silver | 322218 |
| 172 | 25 gm Silver | 350301 |
| 173 | 25 gm Silver | 425908 |
| 174 | 25 gm Silver | 709624 |
| 175 | 25 gm Silver | 571914 |
| 176 | 25 gm Silver | 529893 |
| 177 | 25 gm Silver | 409083 |
| 178 | 25 gm Silver | 639302 |
| 179 | 25 gm Silver | 346609 |
| 180 | 25 gm Silver | 186541 |
| 181 | 25 gm Silver | 262967 |
| 182 | 25 gm Silver | 371494 |
| 183 | 25 gm Silver | 127991 |
| 184 | 25 gm Silver | 719141 |
| 185 | 25 gm Silver | 735983 |
| 186 | 25 gm Silver | 584894 |
| 187` | 25 gm Silver | 659007 |
| 188 | 25 gm Silver | 284512 |
| 189 | 25 gm Silver | 452476 |
| 190 | 25 gm Silver | 675689 |
| 191 | 25 gm Silver | 493766 |
| 192 | 25 gm Silver | 591513 |
| 193 | 25 gm Silver | 453406 |
| 194 | 25 gm Silver | 271304 |
| 195 | 25 gm Silver | 256531 |
| 196 | 25 gm Silver | 297103 |
| 197 | 25 gm Silver | 232604 |
| 198 | 25 gm Silver | 654375 |
| 199 | 25 gm Silver | 655046 |
| 200 | 25 gm Silver | 760229 |
| 201 | 25 gm Silver | 740339 |
| 202 | 25 gm Silver | 547155 |
| 203 | 25 gm Silver | 468051 |
| 204 | 25 gm Silver | 447576 |
| 205 | 25 gm Silver | 737027 |
| 206 | 25 gm Silver | 634820 |
| 207 | 25 gm Silver | 764317 |
| 208 | 25 gm Silver | 367808 |
| 209 | 25 gm Silver | 673910 |
| 210 | 25 gm Silver | 308304 |
| 211 | 25 gm Silver | 541340 |
| 212 | 25 gm Silver | 781331 |
| 213 | 25 gm Silver | 254841 |
| 214 | 25 gm Silver | 211763 |
| 215 | 25 gm Silver | 364753 |
| 216 | 25 gm Silver | 292531 |
| 217 | 25 gm Silver | 655244 |
| 218 | 25 gm Silver | 754583 |
| 219 | 25 gm Silver | 622470 |
| 220 | 25 gm Silver | 641652 |
| 221 | 25 gm Silver | 293515 |
| 222 | 25 gm Silver | 574729 |
| 223 | 25 gm Silver | 763049 |
| 224 | 25 gm Silver | 114895 |
| 225 | 25 gm Silver | 574728 |
| 226 | MI TV 54" | 488778 |
| 227 | MI TV 54" | 346360 |
| 228 | MI TV 54" | 476870 |
| 229 | MI TV 54" | 261394 |
| 230 | MI TV 54" | 601469 |

JAIN TRADERS किसी भी प्रकार के विवाद में अंतिम निर्णय कंपनी के पास सुरक्षित रहेगा।
AKRITI VIHAR, AMLIDHI, RAIPUR, 94242-05071

बिलासपुर
गुरुवार 8 जनवरी 2026
माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी
वर्ष : 25, अंक : 287
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***


मौसम
अधि. 27.0
न्यून. 10.4

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 कोको ने जीते एकल-युगल...

विचार पेज
2 ट्रंप की बेलगामी और यूएन की लाचारी




# पिछले आटो एक्सपो में गाड़ी खरीदकर फंसे 145 को मिलेगी राहत, ब्लाक होगा ओपन, मिलेगी आरसी बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खबर का असर**

रायपुर में पिछले साल साइंस कॉलेज मैदान में हुए आटो एक्सपो में गाड़ी खरीदकर फंसे 145 वाहन स्वामियों को अब साल भर बाद राहत मिलेगी। हरिभूमि ने नए आटो एक्सपो शुरु होने से पहले पिछले साल की गड़बड़ी से परेशान गाड़ी खरीदने वालों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था।

**ये है मामला:** राजधानी रायपुर में पिछले साल रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन (राडा) ने आटो एक्सपो का आयोजन किया था। राज्य सरकार के परिवहन विभाग ने यहां से गाड़ी खरीदने वालों को लाइफटाइम टैक्स में 50 प्रतिशत छूट घोषित की थी। इस छूट का फायदा उठाने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने खरीदारी की थी, लेकिन इनमें से 145 को अब तक आरसी नहीं मिली है। जाहिर है, ये लोग सालभर से परेशान हैं।

## विवाद के कारण सालभर से नहीं मिली थी आरसी

### श्रीराम बिजनेस पार्क में लगेगा एक्सपो

इधर राडा ने एक बार फिर रायपुर में श्रीराम बिजनेस पार्क में 20 जनवरी से 5 फरवरी तक एक्सपो लगाने की तैयारी की है। परिवहन विभाग ने इसमें छूट देने संबंधी नियमों को नोटिफाई कर दिया है। बताया गया है कि किस तरह की खरीदी पर छूट के प्रावधान लागू होंगे।




एनआईसी ने किया था ब्लॉक, अब होगा ओपन

### *पिछली बार ऐसा हुआ था*

*पिछली बार वाहन खरीदने वाले 145 गाहकों को आरटीओ ने कह दिया था कि उन्हें लाइफटाइम टैक्स छूट का आदेश नहीं मिला, फिर ये बताया गया कि डीलरों ने सही समय पर दस्तावेज नहीं दिए। ये बात भी सामने आई कि डीलरों ने ओरिजनल की जगह फोटो कापी में कागजात दिए। इन्ही सब कारणों से इन गाडियों से संबंधित आईडी एनआईसी ने ब्लाक कर दी थी। अब हरिभूमि की खबर के बाद परिवहन विभाग ने इस मामले में पहली और ब्लाक आईडी खोल दी गई है। अब आरसी मिल जाएगी। बताया गया है कि जो लोग इस मामले में फंसे थे, उनमें से अधिकांश दूसरे जिलों के हैं।*

### *लाइफटाइम टैक्स में इस तरह मिलेगी छूट*

*ऑटो एक्सपो में विक्रय किये जाने वाले प्रत्येक वाहन के जीवनकाल कर का भुगतान, ऑटो एक्सपो अवधि में एकमुश्त किया जायेगा। यदि कर का भुगतान ऑटो एक्सपो अवधि के बाद किया जाता है, तो कर में छूट नहीं दी जायेगी। यदि ऑटो एक्सपो में बिक्री तिथि से, पंजीयन के लिए पूरे दस्तावेज, 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं, तो कर में छूट की पात्रता नहीं होगी, जिसके फलस्वरूप कर में अंतर की राशि, शास्ति एवं ब्याज देय होगा।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### इसरो के नये साल का पहला प्रक्षेपण 12 को



**बेंगलुरु।** इसरो 12 जनवरी को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से पीएसएलवी-सी62 मिशन का प्रक्षेपण करेगा। इसरो नए साल के अपने पहले मिशन की तैयारी में जुट गया है। इस मिशन का मुख्य पेलोड 'ईओएस-एन1' है, जो रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन द्वारा रणनीतिक उद्देश्यों के लिए निर्मित एक इमेजिंग उपग्रह है।

### जंगली हाथी के हमलों में छह लोगों की मौत

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले में जंगली हाथी के दो हमलों में एक ही परिवार के चार सदस्यों समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। पिछले कुछ दिनों में कई लोगों पर हमले करने वाला हाथी मंगलवार देर रात नोआमुंडी और हटगामारिया पुलिस थाना क्षेत्रों में घुस गया और छह लोगों को मार डाला। हाथी के हमले में चार लोग घायल भी हुए हैं। एक दिन पहले हाथी ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत सात लोगों की जान ले ली थी।

### तीन करोड़ की याबा टैबलेट बरामद



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि कछार जिले में तीन करोड़ रुपए मूल्य की प्रतिबंधित याबा टैबलेट बरामद होने के बाद एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। इन गोलियों को 'क्रेजी ड्रग' भी कहा जाता है। इनमें 'मेथामफेटामिन' और 'कैफीन' का मिश्रण होता है। भारत में इन पर प्रतिबंध है।

### कठुआ में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक दूरदराज के गांव में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ बुधवार शाम बिलावर के काहोग गांव में उस समय शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने दो. तीन आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद तलाशी अभियान चलाया। एसओजी कठुआ ने कठुआ के कमाध नाला के जंगल में आतंकवादियों से मुठभेड़ की है। शाम करीब चार बजे बिलावर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कमाध नाला में स्थानीय लोगों ने एक आतंकवादी को देखा।

## इधर, कांग्रेस का आरोप- जंबूरी भाजपा की गुटबाजी और भ्रष्टाचार का बना अखाड़ा

# विवादों के बीच जंबूरी 9 से, आयुक्त बोले- बृजमोहन नहीं, मौजूदा शिक्षामंत्री यादव हैं परिषद के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/बालोद

**हरिभूमि फॉलोअप**

भारत स्काउट गाइड की बालोद में होने वाली जंबूरी के विवाद को लेकर सियासत जारी है। कथित वित्तीय अनियमितता को लेकर कांग्रेस हमलावर है, लेकिन स्काउड्स गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा ने कह दिया है, आयोजन में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं हुई है। सभी काम नियमपूर्वक और जेम पोर्टल के माध्यम से किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, टेंडर घोटाले के आरोप बेबुनियाद हैं, सभी दस्तावेज पूरी तरह पारदर्शी हैं। कार्यक्रम यथावत हैं। 9 दिसंबर से आयोजन हो रहा है। आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेद्र यादव स्काउट-गाइड ▶▶ शेष पेज 6 पर



### बालोद के चयन पर दिया स्पष्टीकरण

पूर्व मंत्री और सांसद बृजमोहन अग्रवाल की ओर से लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए आयुक्त ने कहा, स्थान चयन का निर्णय राज्य स्काउट-गाइड परिषद की सर्वसम्मत बैठक में लिया गया था। पूर्व सीएम भूपेश बघेल की ओर से लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों पर भी उन्होंने कहा, कांग्रेस को अपने पांच साल के कार्यकाल में किए गए भ्रष्टाचार पर आत्ममंथन करना चाहिए। हमारा सारा काम नियम और पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है।

### सांसद बृजमोहन पहुंचे हाईकोर्ट



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में 9 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी पर विवाद गहरा गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खुद को भारत स्काउट गाइड की राज्य परिषद का अध्यक्ष बताते हुए आयोजन को स्थगित करने की घोषणा कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। इसमें कहा गया है कि उनको इस पद से हटाने का प्रस्ताव असंवैधानिक है। ना तो उन्हें इस बारे में कोई सूचना दी गई और ना ही कोई सुनवाई का मौका दिया ▶▶ शेष पेज 6 पर


### शिक्षा मंत्री बोले-जंबूरी आयोजन न मेरा, न बृजमोहन का, भूपेश ने कहा- बिना टेंडर 15 करोड़ का काम

छत्तीसगढ़ में पहली बार बालोद में होने वाली नेशनल रोवर-रेंजर जंबूरी की टेंडर प्रक्रिया को लेकर सियासत तेज हो गई है। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा,



जंबूरी आयोजन न मेरा है, न बृजमोहन अग्रवाल का है। यह आयोजन भारत स्काउट गाइड नई दिल्ली का है। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने इस आयोजन को लेकर सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, बिना टेंडर 15 करोड़ का काम कराया गया। अगर भ्रष्टाचार नहीं हुआ है, तो सरकार जांच कराए। मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा, जंबूरी में भाग लेने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अगर भ्रष्टाचार नहीं है, तो सरकार जांच कराए : बघेल



जंबूरी मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, बिना टेंडर 15 करोड़ का काम कराया गया। नेशनल जंबूरी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी। आपस में सरकार, मंत्री और सांसद में खींचतान मची है। बच्चों के लिए कार्यक्रम होना है, उसमें भी भ्रष्टाचार हुआ है। कांग्रेस ने पूरे मामले को उजागर किया है। अगर भ्रष्टाचार नहीं है, तो सरकार स्पष्ट जांच कराए।

## विस चुनाव के लिए कांग्रेस पर्यवेक्षक

# भूपेश को फिर मिली असम की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विभिन्न राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों को तेज़ करते हुए विभिन्न राज्यों के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी है। यह नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। इस संबंध में पार्टी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल के बुधवार को औपचारिक आदेश पर हस्ताक्षर किए। असम के लिए वरिष्ठ पर्यवेक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और झारखंड के वरिष्ठ नेताओं नेता बंधु तिर्की को जिम्मेदारी है दी। वहीं केरल में चुनावी रणनीति और संगठनात्मक समन्वय की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन ▶▶ शेष पेज 6 पर

### संगठन को मिलेगी मजबूती

कांग्रेस नेतृत्व का मानना है कि अनुभवी नेताओं को वरिष्ठ पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपने से संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूती मिलेगी। चुनावी रणनीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सकेगा। ये पर्यवेक्षक राज्य इकाइयों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठनात्मक गतिविधियों, चुनावी तैयारियों और उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पर नज़र रखेंगे।

### इन्हें तमिलनाडु और पुडुचेरी की जिम्मेदारी

तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, उत्तम कुमार रेड्डी और क़ाज़ी मोहम्मद निज़ामुद्दीन को वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाया गया है। इसके अलावा पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों की निगरानी सुदीप रॉय बर्मन, शकील अहमद ख़ान और प्रकाश जोशी करेंगे।

## नक्सली कमांडर देवा ने कहा

# मैंने सरेंडर नहीं किया, हिड़मा को भी फर्जी मुठभेड़ में मारा

- पत्रवार्ता के दौरान बारसे देवा ने बताया मेरे भाई माड़वी हिड़मा को फर्जी मुठभेड़ में मारा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



**हरिभूमि फॉलोअप**

चार दिन पूर्व हैदराबाद में नक्सल संगठन के बटालियन चीफ बारसे देवा के समर्पण की कहानी को बारसे देवा ने ही नकार दिया है। तेलगांना पुलिस के सामने ही पत्रकारों से चर्चा में बारसे देवा ने कहा कि मैंने समर्पण नहीं किया है। मुझे छग-तेलगांना बार्डर से जाने के दौरान गिरफ्तार किया गया था और चार दिन तक पूछताछ करने के बाद समर्पण शो किया गया।

समर्पण के दौरान ही बारसे देवा ने पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए कई मामलों का खुलासा करते हुए स्वयं के सरेंडर की पूरी कहानी बयां करते हुए बताया कि वह सरेंडर करने के लिए जंगल से बाहर नहीं निकला था, बल्कि संगठन के किसी काम के सिलसिले में 29 दिसंबर को बोलेरो वाहन में सवार होकर अपने साथियों के साथ तेलगांना जा रहा थी, तभी तेलगांना पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। चार दिन तक पुलिस ने उससे पूछताछ की। उसने दोहराया कि हम सरेंडर करने के लिए जंगल से नहीं आए थे, बल्कि धोखे से हम फंस गए। पुलिस हमें हैदराबाद लेकर आई और 3 जनवरी को सरेंडर करवा दिया गया। सरेंडर से ▶▶ शेष पेज 6 पर

### *विदेशों से नहीं मिलते हथियार*

*देवा ने बताया कि हमें विदेश से कोई हथियार नहीं मिलता है। समर्पण के दौरान दिए गए हथियारों में शामिल इजराइल मेड वेपन तावोर व अमेरिकन मेड राइफल कॉल्ट एम 4 के संबधं में उसने बताया कि यह हथियार फोर्स रखती है, जिसे हमने हमले के दौरान कई हथियार लूटे हुए थे, उसमें यह भी शामिल था। उसने कहा कि मैं अपनी बटालियन के साथियों के लिए कोई संदेश नहीं देना चाहता वे आना चाहे तो आए मैं कुछ कह नहीं सकता। उसने बताया कि बटालियन में हम 15 साल से ऊपर के लड़कों को ही भर्ती करते थे। उन्हें जबरदस्ती भर्ती नहीं करते थे। मैं जनता की समस्याओं व नक्सल विचारधारा से प्रभावित होकर संगठन में शामिल हुआ था। उसने कहा कि वर्तमान में समाज प्रमुखों और जनता को कहने के लिए मेरे पास अभी कुछ नहीं है।*

### इलाज के लिए जाने के दौरान पकड़कर पुलिस ने फर्जी मुठभेड़ में मारा, कुजांम का आरोप गलत

पत्रकारों के सवाल पर हिड़मा ने बताया कि वह और माड़वी हिड़मा दोनों पूवर्ती गांव के ही रहने वाले है। वर्ष 2003 में वह संगठन में भर्ती हुआ था, जबकि मुझसे पहले हिड़मा 1997 से नक्सल संगठन में थे। हम दोनों नक्सल विचारधारा से प्रभावित होकर संगठन में आए थे और हिड़मा मुझे अपना भाई मानते थे। उसने कहा कि हिड़मा का फर्जी एनकाउंटर हुआ है। हिड़मा विजयवाड़ा इलाज के लिए जा रहे थे। वहीं उन्हें पकड़कर मारा गया। मनीष कुंजाम का आरोप है कि हिड़मा को देवजी ने मरवाया है ये आरोप गलत है हिड़मा को पुलिस ने ही मारा है। उसने बताया कि 27 अक्टूबर तक हिड़मा और मैं संपर्क में थे। अप्रैल के महीने में हम करेंगुट्टा में थे। हमने सोचा था कि पुलिस का एक-दो दिन का ऑपरेशन होगा। लेकिन इतना बड़ा ऑपरेशन चलेगा ये हमने ▶▶ शेष पेज 6 पर

## मस्जिद के पास बुलडोजर एक्शन पर बवाल, पुलिस पर पत्थरबाजी

- पांच हिरासत में लिए गए, कई प्रदर्शनकारियों से पूछताछ

**नई दिल्ली।** तुर्कमान गेट इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अदालत के आदेश पर चलाए गए अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान कथित तौर पर 30-35 लोगों के एक समूह ने पुलिस के खिलाफ नारे लगाए, बैरिकेड तोड़े और एक लाउड स्पीकर छीनकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज की गयी एक प्राथमिकी में यह जानकारी दी गयी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात चलाए गए अभियान में शामिल पुलिस अधिकारियों और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ▶▶ शेष पेज 6पर

## नगरीय निकायों द्वारा नियम और निर्देशों का पालन नहीं, कोर्ट ने दिलाई याद

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट चिंतित, कहा- बच्चे निशाना बन रहे, लोगों की मौत हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के मामले पर बुधवार को सुनवाई की। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि मुद्दा सिर्फ इतना नहीं है कि कुत्ता किसी को काट ले या पीछा करे और उससे दुर्घटना हो जाए। जब वे सड़कों पर दौड़ते हैं, खासकर जहां वाहन चल रहे होते हैं, तो यह एक गंभीर समस्या बन जाती है। बात केवल काटने तक सीमित नहीं है। बच्चे निशाना बन रहे हैं और लोगों की मौत हो रही है।

### रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को पकड़ना समाधान नहीं है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होती है। सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि सभी कुत्तों को शेल्टर में रखना संभव नहीं है। आर्थिक रूप से भी व्यवहार्य नहीं है।

## फैमिली कोर्ट को वकीलों का बनाना होगा अलग पैनल

# महिलाओं को न्याय दिलाना फैमिली कोर्ट की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

- महिला के तलाक के केस की दोबारा सुनवाई करने का आदेश भी दिया

हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान प्रदेश के फैमिली कोर्ट के लिए गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत सभी फैमिली कोर्ट को वकीलों का अपना अलग पैनल बनाना होगा। अब कोर्ट पक्षकारों को सिर्फ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नहीं भेजेंगे, बल्कि अपने पैनल से खुद वकील नियुक्त कर सहायता देंगे। इन वकीलों की फीस



का भुगतान राज्य सरकार के राजस्व से किया जाएगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने कहा कि, अगर कोई पक्षकार खासकर महिलाएं या आर्थिक रूप से कमजोर पक्ष वकील करने में असमर्थ है, तो फैमिली कोर्ट की यह जिम्मेदारी है कि उसे तत्काल कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाए। कोर्ट ने कहा है कि सिर्फ यह कह देना कि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाकर आवेदन दें, यह उचित नहीं है। फैमिली कोर्ट की जिम्मेदारी केवल मामले निपटाना नहीं, बल्कि महिलाओं और बच्चों को न्याय दिलाना महत्वपूर्ण है। हाईकोर्ट ने प्रकरण में फैमिली कोर्ट को महिला के तलाक के केस की दोबारा सुनवाई करने का आदेश भी दिया है। हाईकोर्ट ने इस मामले में फैमिली कोर्ट के रवैए पर कड़ी नाराजगी भी जाहिर की है। डिवीजन बेंच ने कहा कि, कानूनी सहायता के लिए लिखित आवेदन प्रस्तुत करना जरूरी नहीं है। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### तलाक का फैसला रद्द फिर से होगी सुनवाई

पत्नी ने फैमिली कोर्ट में मौखिक रूप से कहा था कि, वह आर्थिक तंगी के कारण वकील नहीं कर सकती। इसके अलावा ओडिशा से बार-बार पेशी के लिए जांजगीर नहीं आ सकती। इसके बाद भी फैमिली कोर्ट ने उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जाने की सलाह दी और अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली। इसके बाद जब महिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नहीं पहुंचीं, तो कोर्ट ने उन्हें एक्स पार्टी घोषित करते हुए पति के पक्ष में तलाक की डिक्री जारी कर दी। इस फैसले के खिलाफ पत्नी ने हाईकोर्ट में अपील कर दी। ▶▶ शेष पेज 6 पर

## चिंतन

# वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों

हिंदू छात्रों के विरोध और शिकायतों के बाद राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मेडिकल कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब कॉलेज में दाखिला लेने वाले पहले बैच में 50 छात्रों में 42 मुस्लिम समुदाय से थे, जबकि हिंदू छात्रों की संख्या सिर्फ 7 और 1 सिख छात्र शामिल थे। इसको लेकर हिंदू संगठनों ने विरोध किया और आरोप लगाया कि कॉलेज में हिंदू छात्रों की उपेक्षा क्यों की जा रही है। हिंदू संगठनों का कहना था कि चूंकि यह कॉलेज माता वैष्णो देवी के भक्तों के चढ़ावे से संचालित होता है, इसलिए श्राइन बोर्ड के फंड का गलत इस्तेमाल हो रहा है। कॉलेज श्राइन बोर्ड की जमीन पर ही बना है और ज्यादातर फंडिंग हिंदू भक्तों के चढ़ावे से आती है। हिंदू तीर्थयात्रियों की आस्था से जुड़े पैसे का इसमें इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन सीटें ज्यादातर एक खास समुदाय को मिल गईं। ये हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है और भेदभाव जैसा लगता है। सवाल उठता है कि हिंदू धर्म के संगठनों के पैसे का इस तरह उपयोग कितना जायज है। बता दें कि वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जम्मू-कश्मीर में मुस्लिम आबादी 68.3%, हिंदू 28.44%, सिख 1.87%, बौद्ध 0.90% और ईसाई 0.28% है। इस तरह देखा जाए जो हिंदू यहां अल्पसंख्यक हैं, लेकिन यह सब कुछ होते हुए भी 50 में सिर्फ 7 सीटें हिंदू छात्रों को मिलना कहां का न्याय है। हालांकि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने मान्यता रद्द करने के पीछे कई कारण गिनाए हैं। इनमें बुनियादी ढांचे की कमी, शिक्षकों की कमी, मरीजों की कम संख्या और न्यूनतम मानकों के गंभीर उल्लंघन शामिल है। अब मौजूदा एमबीबीएस छात्रों को अन्य मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति, जिसमें 60 सामाजिक और दक्षिणपंथी संगठन शामिल हैं, ने पहले दाखिला सूची रद्द करने की मांग की थी। जब यह संभव नहीं हुआ, तो उन्होंने कॉलेज बंद करने पर जोर दिया। समिति का तर्क था कि माता वैष्णो देवी श्राइन के चढ़ावे से मिलने वाले लाभ मुख्य रूप से हिंदुओं को ही मिलने चाहिए। मेडिकल कॉलेज ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग में 5 दिसंबर और 19 दिसंबर, 2024 को एक पब्लिक नोटिस के तहत नया एमबीबीएस प्रोग्राम शुरू करने के लिए आवेदन किया था। इसके बाद संस्थान को 2025-26 एकेडमिक सत्र के लिए 50 एमबीबीएस छात्रों को एडमिशन देने की मंजूरी मिली थी और इसी के बाद मुस्लिम छात्रों के एडमिशन को लेकर विवाद शुरू हो गया था। भाजपा ने भी इसका समर्थन किया था और उपराज्यपाल से एडमिशन रिव्यू की मांग की थी। हिन्दू संगठन ने कहा था कि कॉलेज को हिंदू माइनॉरिटी स्टेटस मिले या नई मेरिट से दाखिले हों। हालांकि कॉलेज के अधिकारियों और राज्य के मुख्यमंत्री सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दाखिला पूरी तरह मेरिट के आधार पर हुआ है। धर्म से इसका कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन विरोध करने वाले इसे आस्था और फंडिंग के दुरुपयोग का मामला मानते रहे। यही वजह थी कि महीनों तक ये विवाद गरमाया रहा और अब इस कॉलेज की मान्यता रद्द कर दी गई। अब कॉलेज के छात्रों को जम्मू-कश्मीर के अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो। समायोजन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी, जिससे छात्रों को कोई नुकसान नहीं होगा।



विश्लेषण
प्रमोद भार्गव

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी का घटनाक्रम आजकल चर्चा में है। वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया। रूस ने भी आपत्ति जताई है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए।

# ट्रंप की बेलगामी और यूएन की लाचारी

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया फ्लोरेस का अमेरिका द्वारा किए अपहरण और गिरफ्तारी ने महाकवि तुलसीदास की इस कहावत 'समरथ को नहीं दोष गुसाईं' को चरितार्थ कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप चाहे जिन कुतर्कों को तर्क बताकर अपने हठ को सच बताते रहें, वास्तविकता यही है कि इस कार्यवाही को किसी भी कानून के परिप्रेक्ष्य में तर्कसम्मत नहीं ठहराया जा सकता है? वेनेजुएला के पक्ष में आवाज उठाने वाले दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया के आग्रह पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की आपात बैठक भी हुई, जिसमें अमेरिका ने अपना पक्ष रखा और अपने तानाशाही रवैये को जायज ठहराया। हालांकि चीन ने अमेरिका की इस सैन्य कार्यवाही को सीधे-सीधे दादागिरी बताया।

रूस ने भी आपत्ति जताई है, लेकिन बैठक में संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरस इस घटनाक्रम पर गहरी चिंता जताने के अलावा अमेरिका के विरुद्ध कोई भी कड़ी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य में लाचार नजर आए। गुटेरस ने कहा कि यह इस कार्यवाही में अंतरराष्ट्रीय कानूनों और नियमों का पालन नहीं किया गया। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार किसी भी देश की क्षेत्रीय अखंडता एवं राजनीतिक स्वतंत्रता के विरुद्ध बल का प्रयोग नहीं किया जा सकता है, किंतु इसकी अनदेखी की गई। वेनेजुएला के प्रतिनिधि ने अमेरिका द्वारा किए इस हमले को अपने देश के प्राकृतिक संसाधनों और तेल को प्राप्त करना बताया। ऐसी ही रूस, चीन, मैक्सिको, क्यूबा और कई देशों ने अमेरिका की कड़ी आलोचना की, किंतु अमेरिका के मित्र देश उसके साथ खड़े दिखाई दिए हैं। दुनिया के तेल भंडार का 18.17 प्रतिशत तेल अर्थात 303 अरब बैरल तेल और दुर्लभ खनिज के भंडार वेनेजुएला की धरती में समाए हुए हैं, किंतु उसके पास कच्चे तेल को शोधन करने के तकनीकि संसाधन नहीं हैं। इसलिए इस तेल को ईंधन में नहीं बदल पा रहा है। इस तेल को शोधन के लिए जब मादुरो ने चीन से तेल और रूस से हथियार खरीदने की नीति को अंजाम दिया तो ट्रंप की नाराजगी बढ़ गई और मादुरो और उनकी पत्नी सेलिया का अपहरण कर लिया।

इस अपहरण की घटनाक्रम को लेकर मादुरो के बेटे निकोलस मादुरो गुएरा ने कहा है कि इतिहास बताएगा कि हमारे भीतर के लोगों ने किस तरह से गद्दारी करते यह राष्ट्रघात किया? मीडिया द्वारा ऐसी जानकारियां सामने लाई गई हैं कि वेनेजुएला सरकार में काम कर रहे लोगों ने ही उपहारों के लालच में आकर अमेरिकी सेना को राष्ट्रपति मादुरो के आवास तक पहुंचाने में मदद की है। हालांकि अमेरिका ने वेनेजुएला पर अमेरिका में मादक पदार्थों की तस्करी करने का हवाला देकर इस सैन्य कार्यवाही को जायज ठहराया है। मादुरो को अमेरिकी कानून केर-फ्रिस्बी के तहत पकड़ा गया है। यह कानून अमेरिकी संविधान के अनुच्छेद-2 के तहत राष्ट्रपति को गैर-कानूनी तरीकों से ऐसे लोगों और भगोड़ों को पकड़ने की अनुमति देता है, जो अमेरिका को किसी प्रकार से नुकसान पहुंचा रहे हों। इसमें प्रावधान है कि गिरफ्तारी का तरीका कितना भी गैर-कानूनी हो, एक बार अमेरिका में लाने के बाद अमेरिकी अदालत में मामला चलाया जा सकता है। इसे चुनौती नहीं दी जा सकती है। मादुरो पर मादक पदार्थ तस्करी के आपराधिक मामले अमेरिका में



दर्ज हैं। इनमें कम से कम 20 साल की सजा से लेकर आजीवन कारावास हो सकता है। अमेरिका ऐसा दुस्साहस 1990 में पनामा के तानाशाह मैनुअल नोरिएगा को गिरफ्तार करके दिखा चुका है। इन्हें अमेरिकी अदालत ने 40 साल की सजा सुनाई थी, किंतु 2011 में रिहा कर दिया गया था। यदि मादुरो को सजा सुनाई जाती है तो ट्रंप के राष्ट्रपति नहीं रहने के बाद कोई दूसरा राष्ट्रपति मादुरो को क्षमादान दे सकता है। खुद ट्रंप होंडुरास के पूर्व राष्ट्रपति हर्नांडेज को 2025 में माफी दे चुके हैं। अमेरिका कभी मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी का बहाना ढूंढकर अपने शत्रु राष्ट्रों के मुखियाओं को सबक सिखाता रहा है। 2003 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश सरकार ने इराक पर जैविक और रासायनिक हथियार होने का दावा कर ईराक को नेस्तनाबूद कर दिया था। वहां के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को भी अपदस्थ कर दिया था। इन हस्तक्षेपों के चलते आज भी इन देशों में गृहयुद्ध एवं अस्थिरता के हालात बने हुए हैं। यही हश्र अब वेनेजुएला का होना निश्चित है। अमेरिका के सरकारी शोध संस्थान कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट के अनुसार 1798 से लेकर अब तक अमेरिका 469 सैन्य हस्तक्षेप दुनिया में इसलिए कर चुका है, जिससे उसे महाशक्ति माना जाता रहे। दुनिया में लगातार ऐसे हालातों की निर्मिति सामने आने के बावजूद संयुक्त राष्ट्र की कार्य-संस्कृति लाचार बनी हुई है। उस पर निरंतर प्रश्न-चिन्ह उठ रहे हैं। अतएव यदि यह वैश्विक संस्था अपने भीतर समयानुकूल सुधार नहीं लाती है तो कालांतर में महत्वहीन होती चली जाएगी और फिर इसके सदस्य देशों को इसकी जरूरत ही नहीं रह जाएगी। भारत जैसे देश को संयुक्त राष्ट्र की स्थायी सदस्यता से बाहर रखते हुए इस संस्था ने जता दिया है कि वहां चंद अलोकतांत्रिक या तानाशाह की भूमिका में आ चुके देशों की ही तूती बोलती है।

इसकी निष्पक्षता भी संदिग्ध है, इसीलिए वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र ताकतवर देशों की मनमानी रोकने, शांति स्थापित करने और आतंकी संगठनों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा है। दूसरे विश्व युद्ध के बाद शांतिप्रिय देशों के संगठन के रूप में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गठन हुआ था। इसका अहम मकसद भविष्य की पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका और आतंकवाद से सुरक्षित रखना था। इसके सदस्य देशों में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन को स्थायी सदस्यता प्राप्त है। भारत का ऑपरेशन सिंदूर समेत तीन बार पाकिस्तान और एक बार चीन से युद्ध हो चुका है। इराक और अफगानिस्तान, अमेरिका और रूस के जबरन दखल के चलते युद्ध की ऐसी विभीषिका के शिकार हुए कि आज तक उबर नहीं पाए हैं। रूस और यूक्रेन तथा इजराइल एवं फिलिस्तीन के बीच युद्ध एक नहीं टूटने वाली कड़ी बन गया है। अनेक इस्लामिक देश गृह-कलह से जूझ रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, यूनिसेफ और शांति सेना जैसे संगठन काम करते हैं। चंद देशों की ताकत के आगे ये संगठन नतमस्तक होते दिखाई देते हैं, इसीलिए शांति सेना की विश्व में बढ़ते सैनिक संघर्षों के बीच कोई निर्णायक भूमिका दिखाई नहीं दे रही है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक संगठन जी-20, जी-8, आसियान और ओपेक जैसे संगठन विभाजित दुनिया के क्रम में लाचारी का अनुभव कर रहे हैं। अमेरिका व अन्य यूरोपीय देशों द्वारा इन्हें दी जाने वाली आर्थिक मदद में कटौती कर दिए जाने के कारण भी इनका भविष्य संकट में है। इन सब खतरों के चलते इस वैश्विक मंच की विश्वसनीयता संकट में है, लिहाजा इसमें पर्याप्त सुधारों की तत्काल जरूरत तो है ही, वेनेजुएला के परिप्रेक्ष्य में कुछ ऐसा करना जरूरी है, जिससे इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा के प्रति सदस्य देशों में विश्वास पैदा करे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



# स्त्री चेतना का मुखर स्वर बनीं कथाकार आशापूर्णा देवी

साहित्य समाज का दर्पण कहा जाता है। साहित्य, सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में सकारात्मक बदलाव का पुख्ता धरातल भी बनाता है। स्त्री जीवन से जुड़े यथार्थ को उकेरने वाले कथानक परिवेशगत परिवर्तन के इस पक्ष पर सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। महिलाओं के सशक्त व्यक्तित्व, संघर्षशील विचार और व्यावहारिक जीवन से जुड़ी उलझनों को सहजता से शब्दों में ढालने वाली बांग्ला कथाकार व कवयित्री आशापूर्णा देवी ने नारी जीवन से जुड़ी इन्हीं मार्मिक बातों-हालातों को अपनी साहित्यिक यात्रा का हिस्सा बनाया। प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाली देश की इस पहली महिला साहित्यकार ने अपनी रचनाओं में पारिवारिक जीवन की समस्याओं से लेकर सामाजिक परिवेश की कुंठा, स्वार्थ, दमनकारी सोच और स्त्रीमन के संवेदनात्मक पहलुओं तक का अत्यंत पैनेपन के साथ चित्रण किया है।असल में उनका रचनाकर्म बिना लाग-लपेट के महिलाओं के उत्पीड़न और समाज एवं परिवार की कटु हकीकत से मिलवाने वाली रूपरेखा लिए है। यही वजह है कि बेबाकी से कलम चलाने वाली आशापूर्णा देवी का उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान सदैव स्मरणीय है। अपनों के बीच भी उनके महिला चरित्रों की असहजता, अधिकारों की लड़ाई और संघर्षपूर्ण दिनों में मुखर भूमिका निभाने से जुड़ी सृजनशीलता ने कई पुरस्कार भी उनकी झोली में डाले। उनकी कृति 'प्रथम प्रतिश्रुति' के लिए 1976 में उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी वर्ष भारत सरकार द्वारा उन्हें पद्म श्री से भी नवाजा गया।ध्यातव्य है कि दूरदर्शन पर 'प्रथम प्रतिश्रुति' नामक टीवी कार्यक्रम भी प्रसारित हुआ था। विश्वभारती विश्वविद्यालय ने 1989 में उनको 'देशिकोत्तम से सम्मानित किया था। साथ ही 1994 में साहित्य अकादमी द्वारा भी आशापूर्णा देवी को साहित्य अकादमी फेलोशिप के रूप में अपना सर्वोच्च सम्मान दिया गया। ज्ञात हो कि उनके रचना संसार में लगभग 225 कृतियां शामिल हैं। प्रथम प्रतिश्रुति के बाद उनके दो अन्य उपन्यास, 'सुवर्णलता' और 'बकुल कथा' भी बहुत अधिक चर्चित रहे हैं। तीन पीढ़ियों की कहानी कहती इस त्रयी 'प्रथम प्रतिश्रुति, सुवर्णलता और बकुल कथा के माध्यम में उन्होंने बांग्ला साहित्य में एक अमिट छाप छोड़ी। इतना ही नहीं, उनकी रचनाओं का अनुवाद हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, असमिया, कन्नड़, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी और संस्कृत जैसी कई अन्य भारतीय भाषाओं भी हुआ है। साथ ही अंग्रेज़ी सहित बहुत सी विदेशी भाषाओं में भी उनकी कृतियों का अनुवाद किया गया है। 8 जनवरी 1909 को उत्तरी कलकत्ता में जन्मी आशापूर्णा देवी को उनकी सात दशक से अधिक की साहित्यिक यात्रा में सामाजिक समानता और घर-परिवार में बुनियादी बदलाव लाने वाले स्त्री चेतना के स्वर को बल देने वाली रचनाकार माना जाता है। समझना आवश्यक है कि आशापूर्णा देवी के रचना संसार के स्त्री चरित्र ही नहीं उनका व्यक्तिगत संघर्ष भी आम स्त्रियों के लिए प्रेरणादायी है। उनके अथक संघर्ष और अनवरत सृजन की यात्रा महिलाओं को विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन रण में डटे रहने की सीख देते हैं।



गौरतलब है कि उस दौर के एक रूढ़िवादी बंगाली परिवार में जन्मी आशापूर्णा देवी की कोई औपचारिक शिक्षा भी नहीं हुई। विवाह के बाद अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने साहित्य साधना की। दूरदर्शन को दिए गए एक साक्षात्कार में आशापूर्णा देवी ने कहा था कि 'मेरे लिए गृहस्थी मेरी धरती है और साहित्य सृजन मन का आकाश। मेरी दृष्टि आकाश पर लगी रही जबकि पैर धरती पर रहे। मैंने कभी गृहस्थी और साहित्य को एक-दूसरे का पूरक या प्रतिस्पर्धी नहीं माना। मेरे लिए दोनों मेरे लिए समानांतर रहे।' इसी संतुलित सोच के साथ जिम्मेदारियों को निभाते हुए उनकी कलम ने दैनिक जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं के माध्यम से स्त्रीमन की घुटन को पन्नों पर उतारा। पारिवारिक ढांचे में मौजूद पीढ़ियों के टकराव और महिलाओं के आत्मसम्मान की लड़ाई को अपने लेखन में जगह दी। समाज और परिवार की वास्तविक स्थितियों को उकेरने में उन्हें सिद्धहस्त माना जाता है। यही वजह है कि साधारण जीवन जीते हुए असाधारण कृतियाँ लिखने वाली यह रचनाकार आज भी भारतीय स्त्रियों की पथ-प्रदर्शक सी लगती हैं। उनकी रचनाएं न केवल तत्कालीन समाज की रूढ़िवादी सोच और वर्जनाओं को सामने लाती ही हैं बल्कि स्त्रियों को संघर्ष कर मुक्ति पाने का मार्ग भी दिखाती हैं।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अच्छा काम करना है तो आलस छोड़ दें



संकलित
**दर्शन**

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
**प्रेरणा**

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरूजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजिएगा, मैं कई महिनों से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूँ पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरु जी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया- राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है... गुरूजी ने कहा- राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है।.. गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वंय ऊँचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाएं**

महात्मा गांधी का कथन है कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की रीढ़ के समान हैं, जो कि दर्शाता है कि किसी भी लोकतंत्र में इन संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके लिए इन संस्थाओं में चुनकर आने वाले जनप्रतिनिधियों में योग्यता, अनुभव, लक्ष्य तथा जनहित में शुरू की गई सरकारी योजनाओं को बेहतर ढंग से कार्यान्वित करने की कार्यकुशलता जैसे गुणों का होना अति अनिवार्य है। प्राचीन काल में पंच परमेश्वर व्यवस्था से वर्तमान की हाईटेक पंचायती राज व्यवस्था तक का सफर कर चुकी ये संस्थाएं आज के समय में उतनी प्रभावी नहीं बन पाई है जितना इनको होना चाहिए था। हालांकि इन्हें सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार की तरफ से प्रयास जारी हैं, जिन्हें तीव्र गति देने की जरूरत है। - *मदन अग्रवाल, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# सीआईए के पूर्व एजेंट एमेस की जेल में मृत्यु

अमेरिका की खुफिया जानकारियां सोवियत संघ को बेचने वाले सीआईए के पूर्व एजेंट एल्ड्रिक एमेस की 84 वर्ष की आयु में मैरीलैंड की जेल में मृत्यु हो गई। कारागार ब्यूरो के प्रवक्ता ने कहा कि एमेस की मृत्यु सोमवार को हुई। लगभग 31 साल तक अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए में काम करने वाले एमेस ने स्वीकार किया था कि उन्हें 1985 से 1994 तक अमेरिकी खुफिया जानकारी बेचने के लिए मॉस्को से 25 लाख डॉलर मिले थे। उन्होंने 10 रूसी अधिकारियों और एक पूर्वी यूरोपीय अधिकारी की पहचान बताई थी, जो अमेरिका या ब्रिटेन के लिए जासूसी कर रहे थे। इसके साथ ही उन्होंने उपग्रह के जरिये जासूसी से जुड़े अभियानों, गोपनीय बातचीत और जासूसी के सामान्य तरीकों की जानकारी भी दी थी। सोवियत संघ को जानकारी साझा करने से पश्चिमी देशों के कई खुफिया एजेंट की मौत हुई थी और यह शीत युद्ध के दौरान सीआईए के लिए बड़ा झटका था। उन्होंने जासूसी और कर चोरी के आरोप स्वीकार किए थे, जिसके बाद उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। अभियोजकों ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक अमेरिका से महत्वपूर्ण खुफिया जानकारियां छिपाए रखीं।



## ऑफ बीट

# नई शुरुआत का उत्साह जल्दी पड़ जाता है फीका

हर जनवरी के साथ कार्यालयों में नयी शुरुआत का माहौल बनता है। नयी डायरी, नयी नोटबुक और व्यवस्थित कार्य सूची (टू-डू लिस्ट) के साथ यह उम्मीद रहती है कि इस साल सब कुछ अलग होगा। लेकिन फरवरी आते-आते वही योजनाएं अधूरी रह जाती हैं और शुरुआती उत्साह कम हो जाता है। आमतौर पर इसे अनुशासन या इच्छाशक्ति की कमी माना जाता है, लेकिन मनोविज्ञान इसके पीछे एक अलग ही तस्वीर पेश करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, नयी शुरुआत हमें काम शुरू करने में तो मदद करती है, लेकिन लंबे समय तक टिके रहने में नहीं। नई शुरुआत क्यों लगती है प्रभावशाली- मनोवैज्ञानिक नयक साल को 'टेम्पोरल लैंडमार्क' मानते हैं, जो हमारे पुराने और नये रूप के बीच एक सीमा रेखा खींच देता है। 'टेम्पोरल लैंडमार्क' समय में आने वाले वे खास पल या घटनाएं होती हैं जो हमें अपने जीवन में ''नये सिरे से शुरुआत'' करने का अहसास दिलाती हैं। शोध के मुताबिक, ऐसे पड़ाव 'फ्रेश स्टार्ट इफेक्ट' पैदा करते हैं, जिससे लोग बड़े और आदर्श लक्ष्य तय करने के लिए खुद को अधिक प्रेरित महसूस करते हैं।




## ट्रेंड

### जैव-बिटुमेन का उत्पादन



आज भारत के सड़क अवसंरचना के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है, क्योंकि हमारा देश व्यावसायिक रूप से जैव-बिटुमेन का उत्पादन करने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। सीएसआईआर और उसके समर्पित वैज्ञानिकों को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई।
**- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### युवाओं की भूमिका




नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज भोपाल निवास पर युवाओं से "विकसित भारत यंग लीडर संवाद" कार्यक्रम में बात की। आप अपने ऊर्जावान विचार व संकल्प से देश को नई दिशा दें और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाएं।
**-डॉ. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**

### शो-पीस बना खेल केंद्र



यह बेहद दुखद है कि जोधपुर में हमारी कांग्रेस सरकार द्वारा खिलाड़ियों के लिए बनाया गया प्रदेश का इकलौता स्पोर्ट्स इंस्टिट्यूट एवं हाई-परफॉर्मेंस खेल केंद्र आज एक शो-पीस बन कर रह गया है। खिलाड़ी इस संस्थान के लिए आवाज उठाएं।
**- अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान**

### विपक्ष में छटपटाहट



मनरेगा योजनाओं में जो लूट मची हुई थी, उसे वीबी-जीरामजी योजना के माध्यम से बंद कर दिया गया है। इस वजह से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों में छटपटाहट मची हुई है।
**-बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

*महाराष्ट्र के अंबरनाथ नगर परिषद में हुआ बीजेपी-कांग्रेस का गठबंधन कुछ ही वक्त में टूट गया है। बुधवार को इससे जुड़ी खबर सामने आई थी, जिसके बाद दोनों ही पार्टियों की किरकिरी हो रही थी। अब कांग्रेस ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। दूसरी तरफ सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी इसपर आपत्ति जताई थी।*

## अंबरनाथ नगर परिषद में आया अनोखा मामला

# महाराष्ट्र में बीजेपी, कांग्रेस में गठबंधन, किरकिरी के बाद टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बता दें कि अंबरनाथ नगर परिषद में एकनाथ शिंदे की पार्टी का खेल बिगाड़ने के लिए दोनों दल साथ आए थे। लेकिन ये समीकरण ज्यादा नहीं टिक पाया। अब कांग्रेस ने अंबरनाथ के ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप पाटिल को सस्पेंड किया है। बीजेपी के साथ स्थानीय स्तर पर अलायंस करने के लिए उनपर एक्शन हुआ है। स्थानीय युनिट को भी भंग कर दिया गया है। इतना ही नहीं कांग्रेस ने अंबरनाथ से जीते सभी 12 पार्षदों को भी सस्पेंड कर दिया है। इसपर कांग्रेस प्रवक्ता सचिन सावंत ने कहा, 'कांग्रेस और बीजेपी के बीच कोई औपचारिक गठबंधन नहीं है। लेकिन गठबंधन का गठन बिना इजाजत किया गया था, इसलिए कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।'

**शिंदे की पार्टी का खेल बिगाड़ने दोनों दल आए थे साथ**

### सीएम फडनवीस ने जताई आपत्ति, कांग्रेस ने किए पार्षद सस्पेंड



#### अंबरनाथ नगर परिषद का समीकरण

अंबरनाथ नगर परिषद में कुल 59 पार्षद हैं। यहां 20 दिसंबर 2025 में चुनाव हुए थे। फिर 21 को नतीजे आए। एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना सबसे बड़ी पार्टी बनी, उसने बहुमत से सिर्फ 4 कम 27 सीटें जीतीं। वहीं, अन्य पार्टियों में बीजेपी (15), कांग्रेस (12), एनसीपी (अजित पवार गुट) (4) को कुल 31 सीट मिलीं। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद बीजेपी ने शिवसेना (शिंदे) को सत्ता से दूर रखने के लिए कांग्रेस से गठबंधन किया। इस गठबंधन को 'अंबरनाथ विकास अघाड़ी' नाम दिया गया, जिसके पास 31 पार्षदों का समर्थन है, जो बहुमत के आंकड़े 30 से एक अधिक है। 1 जनवरी को गठबंधन की खबर सबसे पहले आई थी।

#### इधर फडणवीस ने भी लगाई थी फटकार

सीएम फडणवीस ने अंबरनाथ और अकोला में कांग्रेस और एआईएमआईएम के साथ गठबंधन करने के आरोप में भाजपा नेताओं की कड़ी आलोचना की और कार्रवाई की चेतावनी दी थी। उन्होंने साफ किया था कि इस तरह के गठबंधन पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व की मंजूरी के बिना किए गए हैं और संगठनात्मक अनुशासन का उल्लंघन करते हैं। फडणवीस ने कहा था, 'मैं यह स्पष्ट कर रहा हूं कि कांग्रेस या एआईएमआईएम के साथ किसी भी तरह का गठबंधन स्वीकार्य नहीं होगा। अगर स्थानीय नेता ने ऐसा फैसला अपनी मर्जी से लिया है, तो यह अनुशासन के विरुद्ध है और इसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।'

---

## ट्रंप के निशाने पर अब डेनमार्क

मिल रहे संकेत, अमेरिकी सेना का भी हो सकता है इस्तेमाल

# व्हाइट हाउस में हो रही चर्चा कैसे कब्जे में लें ग्रीनलैंड

*वेनेजुएला के बाद अब ग्रीनलैंड पर अमेरिका एक्शन ले सका है। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ग्रीनलैंड को हासिल करने के लिए कई विकल्पों पर चर्चा कर रहे हैं। राष्ट्रपति भवन की ओर से यह भी कहा गया है कि अमेरिकी सेना का इस्तेमाल करने का विकल्प अभी भी खुला है।*



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह साफ कर दिया है कि ग्रीनलैंड को हासिल करना अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा की प्राथमिकता है। आर्कटिक क्षेत्र में हमारे दुश्मनों को रोकने के लिए यह बहुत जरूरी है। राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी टीम इस महत्वपूर्ण विदेश नीति के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई विकल्पों पर चर्चा कर रही है। निश्चित रूप से, कमांडर इन चीफ के पास अमेरिकी सेना का इस्तेमाल करने का विकल्प हमेशा होता है।



**प्रेस सेक्रेटरी लेविट ने कहा- ग्रीनलैंड हासिल करना हमारी प्राथमिकता**

### खनिज संसाधनों में छिपी रणनीति

*अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि ग्रीनलैंड अमेरिका के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि वहां ऐसे खनिज संसाधन मौजूद हैं, जिनका इस्तेमाल उन्नत तकनीक और सैन्य उद्देश्यों में किया जा सकता है। हालांकि, श्रमिकों की कमी, कमजोर बुनियादी ढांचे और अन्य व्यावहारिक चुनौतियों के चलते इन संसाधनों का अब तक व्यापक दोहन नहीं हो सका है।*

### फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड स्पेन, ब्रिटेन का रुख

बता दें, ग्रीनलैंड, डेनमार्क का एक अर्द्ध स्वायत्त क्षेत्र है और डेनमार्क नाटो का सदस्य देश है। लिहाजा नाटो के सभी सदस्य देशों ने डेनमार्क के लिए समर्थन का बयान जारी किया है कि आर्कटिक द्वीप उसके लोगों का है। फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड, स्पेन, ब्रिटेन और डेनमार्क के नेताओं ने कहा कि आर्कटिक में सुरक्षा नाटो सहयोगियों के साथ मिलकर हासिल की जानी चाहिए, जिसमें संयुक्त राज्य अमेरिका भी शामिल है। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने सोमवार को कहा कि ग्रीनलैंड पर अमेरिकी सैन्य हमला प्रभावी रूप से नाटो को खत्म कर सकता है। इस बीच, ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेंस-फ्रेडरिक नील्सन ने दोहराया कि द्वीप बिक्री के लिए नहीं है और इसके भविष्य का फैसला केवल ग्रीनलैंड के लोग ही करेंगे। उन्होंने ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, पोलैंड और स्पेन सहित यूरोपीय देशों के उस समर्थन के लिए आभार जताया, जिसमें संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और सीमाओं की अक्षुण्णता जैसे सिद्धांतों की रक्षा की बात कही गई है। ग्रीनलैंड और डेनमार्क ने इस पूरे मुद्दे पर बातचीत के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से जल्द मुलाकात की मांग की है।

### नाटो में मचा बवाल

*हालांकि इस मसले में अमेरिका के सैन्य हमले का विकल्प इस मामले को गंभीर बना रहा है। इसमें तीनों पक्ष- ग्रीनलैंड, डेनमार्क और अमेरिका नाटो के हिस्सा हैं। ऐसे में अगर अमेरिका ग्रीनलैंड को हथियाने की कोशिश करता है, तो ऐसा पहली बार होगा कि कोई नाटो देश किसी सदस्य देश पर ही हमला कर दे। यह पूरे यूरोप में चिंता का कारण बन रहा है, वैसे भी ट्रंप नाटो के बजट को लेकर पहले ही यूरोपीय देशों को अल्टीमेटम दे चुके हैं। रूस से लड़ने के लिए अमेरिका अपने चारों ओर सुरक्षा घेरा तैयार कर रहा है। इसमें मुनरो डॉक्ट्रिन की वापसी के साथ ही वेनेजुएला में सत्ता पलट किया जा चुका है। अन्य देशों को अमेरिका की ओर से लगातार धमकियां दी जा रही हैं। अगर ऐसी ही स्थिति जारी रही, तो आने वाले समय में सैन्य संघर्ष और बढ़ सकता है और नाटो गठबंधन भी टूट सकता है।*

---

## आईसीसी ने ठुकराई मांग

# बांग्लादेश को भारत में ही खेलने होंगे टी20 वर्ल्ड कप के मैच




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांग्लादेश को भारत में ही अपने टी20 वर्ल्ड कप के मुकाबले खेलने होंगे। आईसीसी ने उसकी भारत से बाहर खेलने की मांग ठुकरा दी है। आईसीसी ने दो टूक कहा है कि बांग्लादेश को अपने सभी लीग मैच भारत में ही खेलने होंगे, नहीं तो उसे अपने अंक गंवाने पड़ेंगे। वहीं, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि हमें आईसीसी से कोई अल्टीमेटम नहीं मिला है। हालांकि, इस पर आईसीसी की आधिकारिक प्रतिक्रिया का आना अभी बाकी है। बता दें, बीसीबी ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए भारत में टी-20 वर्ल्ड कप के मैच खेलने से इंकार कर दिया था और आईसीसी से अपने मैच श्रीलंका में शिफ्ट करने की अपील की थी।

### कोलकाता, मुंबई हैं ग्रुप स्टेज के मुकाबले

रिपोर्ट के अनुसार, आईसीसी अध्यक्ष जय शाह और कुछ अन्य अधिकारी मुंबई में मौजूद थे। उन्होंने पहले भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अधिकारियों से चर्चा की और उसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से बातचीत की। आईसीसी ने कहा कि वेन्यू में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आईसीसी के निर्देश का मतलब ये है कि बांग्लादेश को टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अपने ग्रुप स्टेज के मुकाबले कोलकाता और मुंबई में ही खेलने होंगे। भारत-बांग्लादेश के बीच जारी राजनीतिक टेंशन को देखते हुए उसके मुकाबलों के वेन्यू को बदलकर श्रीलंका शिफ्ट नहीं किया जाएगा।

### ये है मामला

बीसीबी ने यह मांग तब उठाई गई थी, जब उसके तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर को आईपीएल से निकाला गया था। मुस्तफिजुर को आईपीएल 2026 के लिए केकेआर ने ऑक्शन में खरीदा था। मगर बांग्लादेश में हो रही हिंदुओ की हत्याओं को लेकर मुस्तफिजुर को आईपीएल से हटाने की देशभर से मांग उठी। इसके बाद, बीसीसीआई के निर्देश पर केकेआर ने मुस्तफिजुर को टीम से निकाल दिया।

---

## बांग्लादेश में एक और वारदात

# भीड़ ने दौड़ाया, नहर में कूदने से हिंदू युवक की हुई मौत

एजेंसी ▶▶| ढाका



बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के मामले थमते नजर नहीं आ रहे हैं। हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की हालिया घटना नौगांव जिले के महादेवपुर इलाके में हुई। चोरी के शक में पीछा कर रही भीड़ से बचने के लिए हिंदू शख्स ने नहर में छलांग लगा दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। पीड़ित की पहचान भंडारपुर गांव के मिथुन सरकार के तौर पर हुई है। पुलिस ने मंगलवार दोपहर को उसका शव बरामद किया। बांग्लादेश में बीते 48 घंटों में ये तीसरे हिंदू शख्स की हत्या है। वहीं, 18 दिनों 7 हिंदुओं को निशाना बनाकर मौत के घाट उतार दिया गया है।

### पुलिस की ओर से चोरी में शामिल होने की नहीं हुई पुष्टि

स्थानीय खबरों के मुताबिक उन्मादी भीड़ ने चोरी के शक में मिथुन सरकार का पीछा किया। भीड़ से बचने की कोशिश में वह नहर में कूद गया और डूब गया। कुछ समय बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसका शव बरामद किया। अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है कि मिथुन किसी चोरी में शामिल था या नहीं। इससे पहले सोमवार को बांग्लादेश के नरसिंगदी में एक किराने की दुकान चलाने वाले शरत चक्रवर्ती मणि की उन्मादी भीड़ ने हत्या कर दी थी। सोमवार को ही जशोर के मनीरामपुर में एक हिंदू पत्रकार राणा प्रताप बैरागी की गोली मारने के बाद गला काट कर नृशंस हत्या कर दी गई थी।

---

# 'फर्क समझो सरजी...' ट्रंप के बयान पर राहुल ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

## टैरिफ मामले में प्रतिक्रिया को लेकर साधा निशाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला किया। राहुल ने उन पर दबाव के आगे झुकने का आरोप लगाया और उनकी तुलना पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व से की। राहुल गांधी की यह टिप्पणी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के एक दिन बाद आई। रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों की बैठक में ट्रंप ने टैरिफ मामले का जिक्र करते हुए कहा था, प्रधानमंत्री मोदी ने मुझसे मिलने आए थे और उन्होंने कहा- सर, क्या मैं आपसे मिल सकता हूं? जी हां। राहुल ने इस बयान से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया, जिसका कैप्शन 'फर्क समझो सरजी' था।



### ट्रंप ने इशारा किया आत्मसमर्पण कर दिया

राहुल गांधी ने कहा, जैसे ही ट्रंप ने वहां से इशारा किया, इन्होंने फोन उठा लिया। उन्होंने कहा, 'मोदी जी आप क्या कर रहे हैं?' मोदीजी ने सरेंडर (आत्मसमर्पण) कर दिया और 'जी हुजूर' कहते हुए ट्रंप के इशारे का पालन किया।' 1971 के युद्ध का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा कि एक समय भारत ने अमेरिका के दबाव के बावजूद मजबूती से अपना रुख बनाए रखा था। उन्होंने कहा, आपको वह समय याद होगा जब केवल फोन कॉल नहीं आया था- सातवां बेड़ा आ गया था। 1971 के युद्ध में सातवां बेड़ा आया, हथियार आए, एक विमानवाहक पोत आया। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था, 'मुझे जो करना है, मैं करूंगी।' यही फर्क है।

---

## संपत्ति प्रबंध कंपनी क्लाइंट एसोसिएट्स ने जारी की रिपोर्ट

# 2026 में सेंसेक्स के 93,918 अंक पहुंचने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक अनिश्चितताओं और शेयर बाजार में ऊंचे मूल्यांकन के बीच बीएसई का प्रमुख मानक सूचकांक सेंसेक्स वर्ष 2026 के अंत तक 93,918 अंक तक पहुंच सकता है। संपत्ति प्रबंध कंपनी क्लाइंट एसोसिएट्स (सीए) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, सेंसेक्स दिसंबर, 2026 तक अपने मौजूदा स्तर 84,805 के मुकाबले करीब 11 प्रतिशत की बढ़त के साथ 93,918 अंक तक पहुंच सकता है। कंपनी ने अपनी वार्षिक इक्विटी आकलन रिपोर्ट में कहा कि बहुत अधिक उतार-चढ़ाव वाले मौजूदा बाजार परिवेश में सोना और चांदी निवेश पोर्टफोलियो के लिए अहम संतुलनकारी संपत्ति बनकर उभर रहे हैं।

### पिछले साल धातुओं का मजबूत प्रदर्शन रहा

क्लाइंट एसोसिएट्स फर्म अमीर और बेहद अमीर निवेशकों के लिए सात अरब डॉलर से अधिक मूल्य की संपति का प्रबंधन करती है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में कीमती धातुओं का प्रदर्शन मजबूत रहा। कमजोर डॉलर, भू-राजनीतिक तनाव और मौद्रिक नीतियों में बदलाव के कारण सोने की मांग में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई।



### सुरक्षित निवेश में सोने की भूमिका हुई महत्वपूर्ण

खासकर केंद्रीय बैंकों की खरीद से सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की भूमिका और मजबूत हुई। वहीं, वैश्विक आपूर्ति संबंधी चिंताओं और अमेरिका-चीन तनाव के कारण चांदी की कीमतों में भी पिछले साल तेज उछाल देखा गया। वर्ष 2026 के संदर्भ में इस कंपनी का मानना है कि इस साल बाजार की दिशा व्यापक तेजी से हटकर चुनिंदा, बुनियादी कारकों पर आधारित अवसरों की ओर बढ़ सकती है।

### निवेशकों को संतुलित रणनीति अपनानी होगी

क्लाइंट एसोसिएट्स के निवेश अनुसंधान प्रमुख नितिन अग्रवाल ने कहा, /"भारत की घरेलू आर्थिक मजबूती और बेहतर आय अनुमान सकारात्मक हैं, लेकिन ऊंचे मूल्यांकन और वैश्विक जोखिमों के बीच निवेशकों को संतुलित और अनुशासित रणनीति अपनाने की जरूरत होगी।

**जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.8 फीसदी बताया गया-** इस रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.8 प्रतिशत बताया गया है। इसमें कहा गया है कि लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण के लिए इक्विटी अहम बनी रहेगी, लेकिन जोखिम प्रबंधन और विविधीकरण का ध्यान रखना होगा।



# मेडिसिन पैकिंग पर मौजूद इन इंडिकेशंस पर करें गौर


आप भी अक्सर डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन पर या अपनी जानकारी के आधार पर मेडिकल स्टोर से दवा ले आते होंगे। लेकिन दवा लेते समय सावधानी रखें और उसकी पैकिंग पर दर्ज कुछ मार्क्स या इंडिकेशंस पर गौर करें। इनमें से कुछ के बारे में यहां बता रहे हैं।

**अवेयरनेस**

**प्रतिभा अग्निहोत्री**



हम सभी को कभी न कभी किसी रोग के उपचार में डॉक्टर के पास जाना ही पड़ता है। अकसर देखा जाता है कि डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन लेकर हम मेडिकल स्टोर पर जाते हैं और दवा लेकर चले आते हैं। कई बार कुछ दवाइयां बच भी जाती हैं और हम उन्हें उठाकर रख देते हैं। घर-परिवार में किसी अन्य सदस्य को वैसी ही बीमारी होने पर हम वही दवा उसे भी दे देते हैं या फिर प्रिस्क्रिप्शन देखकर अकसर मेडिकल स्टोर से बिना सोचे-विचारे, बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए दवा खरीदकर खा लेते हैं। इससे कई बार दवा का रिएक्शन हो जाता है और तबियत बिगड़ भी जाती है। कुछ दवाइयां ऐसी होतीं हैं, जिन्हें विशेष बीमारियों के लिए ही दिया जाता है। इनकी स्ट्रिप या पैकिंग पर कुछ निशान बने या इंडिकेशन लिखे होते हैं, जिन पर हम कभी ध्यान ही नहीं देते, जबकि इन्हें जानना अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसी कोई भी दवाई आपके घर में है तो इन्हें लेने से पूर्व डॉक्टरी सलाह अवश्य लें।




**रेड कलर की लाइन:** सभी एंटीबायोटिक दवाइयों पर साइड में लाल रंग की एक धारी बनी होती है, जिसका तात्पर्य होता है कि इन्हें डॉक्टर की प्रिस्क्रिप्शन के बिना बेचा और खरीदा नहीं जा सकता। ये दवाइयां टी. बी., मलेरिया, यूरिनरी इंफेक्शन और एच. आई. वी. जैसी गंभीर बीमारियों में दी जाती हैं। रेड लाइन मार्क होने का उद्देश्य ही इनकी ओपेन सेलिंग पर रोक लगाना है।



**Rx(आरएक्स):** कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर साइड में आरएक्स लिखा होता है। इसका मतलब है कि ऐसी दवाइयों का सेवन केवल डॉक्टर की सलाह से ही किया जा सकता है। इसे केवल वही खरीद सकता है, जिसे डॉक्टर ने अपने पर्चे पर लिखकर दिया हो। ऐसी दवाएं अपने मन से खरीदकर नहीं खानी चाहिए।

**NRx (एनआरएक्स):** यह भी कुछ दवाइयों के नाम के सबसे ऊपर ही लिखा होता है। चूंकि ये नशीली दवाइयां होतीं है। इसलिए इन्हें केवल वही डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन पर लिख सकते हैं, जिन्हें इन्हें लिखने का लाइसेंस प्राप्त हो और लाइसेंस होल्डर मेडिकल स्टोर ही इनको बेच सकते हैं। मस्तिष्क संबंधी और मिर्गी जैसी गंभीर मानसिक बीमारियां इसी केटेगरी में आती हैं।

**XRx(एक्सआरएक्स):** एक्सआरएक्स मार्क्ड दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं। ये केवल उन डॉक्टरों के पास होती हैं, जिनके पास इनका लाइसेंस होता है। इसे डॉक्टर सीधे मरीज को दे सकते हैं। एनेस्थीसिया में दी जाने वाली दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं।

**H या Hx (एच या एचएक्स):** जिन दवाओं की पैकिंग पर यह मार्क किया हुआ होता है, वे बहुत खतरनाक दवाइयां होतीं हैं। ये स्वास्थ्यकर्मियों के लिए भी खतरनाक होती हैं। कीमोथेरेपी की दवाइयां इसी श्रेणी में आती हैं। इसलिए इन्हें विशेष रूप से हैंडल करने की आवश्यकता होती है। ये दवाएं सीधे मेडिकल स्टोर से नहीं खरीदी जा सकती हैं।

**शेड्यूल H1 ( एच वन):** यह प्रिंट भारतीय दवा कानून से संबंधित है। दवाओं की पैकिंग पर यह प्रिंट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह दवाओं की एक विशेष श्रेणी है। इस प्रिंट की दवाएं हार्ड एंटीबायोटिक्स या ऐसी ही तेज दवाएं होती हैं। इन्हें बिना डॉक्टरी प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदा जा सकता। इनकी बिक्री के लिए मेडिकल स्टोर को अलग से परमिशन लेनी पड़ती है, उसका रिकॉर्ड रखना होता है।

दवा खरीदते समय इन इंडिकेशंस को ध्यान में रखना चाहिए और बिना डॉक्टर से कंसल्ट किए कोई दवा नहीं खरीदनी चाहिए। *

देश-दुनिया में हर साल लाखों महिलाएं सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आती हैं। समय पर जांच और उपचार न करवाने से बड़ी संख्या में महिलाओं की डेथ भी हो जाती है। जबकि अगर शुरुआत से ही बच्चियों और महिलाओं को इसके प्रति अवेयर किया जाए और बचाव के सभी संभव उपाय अपनाए जाएं तो इससे बचाव और उपचार संभव है। सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस मंथ (जनवरी) पर इस बारे में दे रहे हैं बहुत उपयोगी जानकारियां।

# सर्वाइकल कैंसर सुरक्षा के लिए अपनाएं बचाव के सभी उपाय

**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. योगेश कुलकर्णी**

हेड-गायनेकोलॉजिक ऑन्कोलॉजी, रोबोटिक सर्जन

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार, सर्वाइकल कैंसर दुनिया भर में महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे कॉमन कैंसर है। भारत में यह स्थिति और भी गंभीर है, जहां हर साल लगभग 1.25 लाख नए मामले सामने आते हैं और लगभग 75,000 महिलाओं की मृत्यु इस बीमारी के कारण हो जाती है। सबसे दुःखद बात यह है कि जानकारी के अभाव में अधिकांश महिलाएं अस्पताल तब पहुंचती हैं, जब बीमारी अंतिम चरण में होती है।

## सर्वाइकल कैंसर का कारण

सर्वाइकल कैंसर, गर्भाशय के निचले हिस्से (जिसे 'सर्विक्स' या गर्भाशय ग्रीवा कहा जाता है) की कोशिकाओं में विकसित होता है। इस कैंसर का मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) है। यह वायरस यौन संपर्क के माध्यम से फैलता है। हालांकि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली अकसर इस वायरस से लड़ लेती है, लेकिन कुछ मामलों में यह वायरस वर्षों तक शरीर में बना रहता है और अंततः कैंसर का रूप ले लेता है। यदि एचपीवी संक्रमण को पहचाना नहीं गया और उसका समय पर इलाज नहीं किया गया, तो गर्भाशय ग्रीवा की असामान्य कोशिकाएं कैंसर का रूप ले सकती हैं।

## वैक्सीनेशन से मिलती है सुरक्षा

सर्वाइकल कैंसर से बचने का सबसे प्रभावी तरीका एचपीवी वैक्सीन है। यह टीका शरीर में उन विशिष्ट (एचपीवी) वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी बनाता है, जो कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं। इस बारे में कुछ बातें जानना आपके लिए बहुत आवश्यक है।




**सही उम्र:** टीकाकरण का लाभ तब सबसे अधिक होता है, जब यह वायरस के संपर्क में आने से पहले, यानी यौन सक्रिय होने से पहले दिया जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि 9 से 14 वर्ष की उम्र सबसे उपयुक्त होती है क्योंकि इस दौरान शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया सबसे मजबूत होती है। 15 से 45 वर्ष की महिलाएं भी यह टीका लगवा सकती हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ इसकी प्रभावशीलता थोड़ी कम हो सकती है, लेकिन यह फिर भी कैंसर से सुरक्षा प्रदान करता है।

**वैक्सीन डोज:** वैक्सीन की डोज, महिला की आयु पर निर्भर करती है। 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों को 2 डोज लगवानी होती है। पहली डोज के 6 महीने बाद दूसरी डोज। जबकि 15 से 45 वर्ष आयु की किशोरियों और महिलाओं को 3 डोज लगावानी होती है। पहली डोज के 1-2 महीने बाद दूसरी और 6 महीने बाद तीसरी। यदि किसी महिला की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बहुत कमजोर है, तो उन्हें डॉक्टर 3 खुराक की सलाह दे सकते हैं, भले ही उनकी उम्र 15 वर्ष से कम हो। स्वदेश निर्मित वैक्सीन लॉन्च हो चुकी है। यह वैक्सीन विदेशी टीकों की तुलना में काफी सस्ती है।



## स्क्रीनिंग क्यों है जरूरी

सिर्फ वैक्सीन लगवाना ही काफी नहीं है। 30 वर्ष की आयु के बाद हर महिला को नियमित रूप से पैप स्मीयर या एचपीवी डीएनए टेस्ट करवाना चाहिए। ये टेस्ट कैंसर होने से पहले की स्थिति का पता लगा लेते हैं, जिससे समय रहते इलाज संभव हो पाता है।

## ये लक्षण कभी न करें इग्नोर

शुरुआती चरणों में इस कैंसर के कोई विशेष लक्षण नहीं दिखते हैं लेकिन बीमारी बढ़ने पर कुछ लक्षण सामने आ सकते हैं।

- पीरियड्स के बीच में या शारीरिक संबंध के बाद असामान्य रक्तस्राव।
- मेनोपॉज (मासिक धर्म बंद होने) के बाद ब्लीडिंग होना।
- योनि (वेजाइना) से दुर्गंधयुक्त सफेद या गुलाबी पानी आना।
- पेल्विक एरिया (पेडू) में लगातार दर्द रहना।

## सर्वाइकल कैंसर का उपचार



यदि किसी महिला में स्क्रीनिंग के दौरान सर्वाइकल कैंसर की पुष्टि होती है, तो इसका उपचार कैंसर के चरण (स्टेज), ट्यूमर के आकार और महिला की उम्र के आधार पर तय किया जाता है। यदि शुरुआती चरणों में पता चल जाए, तो यह पूरी तरह ठीक हो सकता है। उपचार के मुख्य तरीके निम्नलिखित हैं-

**सर्जरी:** जब कैंसर केवल गर्भाशय ग्रीवा (सर्विक्स) तक सीमित होता है, तो डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं।

**कोन बायोप्सी:** इसमें केवल कैंसर प्रभावित हिस्से को हटाया जाता है, जिससे महिला भविष्य में गर्भधारण कर सकती है।

**हिस्टेरेक्टॉमी:** इसमें गर्भाशय और ग्रीवा को पूरी तरह से निकाल दिया जाता है। यह आमतौर पर तब किया जाता है जब कैंसर फैलने का डर हो।

**रेडिएशन थेरेपी:** इसमें उच्च ऊर्जा वाली किरणों (जैसे एक्स रेज) का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किया जाता है। यह दो तरह की होती है-

**एक्सटर्नल बीम रेडिएशन:** शरीर के बाहर से किरणों को ट्यूमर पर लक्षित किया जाता है।

**ब्रेकीथेरेपी:** इसमें रेडियोधर्मी सामग्री को शरीर के भीतर कैंसरग्रस्त भाग के पास रखा जाता है।

**कीमोथेरेपी:** इसमें शक्तिशाली दवाओं का उपयोग किया जाता है जो रक्त के माध्यम से पूरे शरीर में फैलती हैं और कैंसर कोशिकाओं को मारती हैं। अकसर बेहतर परिणामों के लिए रेडिएशन और कीमोथेरेपी को एक साथ (कीमोरेडिएशन) दिया जाता है।

**टार्गेटेड थेरेपी और इम्यूनोथेरेपी:** इसमें एडवांस्ड चरणों में, ऐसी दवाओं का उपयोग किया जाता है, जो केवल विशिष्ट कैंसर कोशिकाओं पर हमला करती हैं या शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर से लड़ने के लिए मजबूत बनाती हैं।

**उपचार के बाद निगरानी:** इलाज पूरा होने के बाद भी नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैंसर वापस नहीं आ रहा है। हेल्दी डाइट और डॉक्टर के बताए निर्देशों का पालन रिकवरी में मदद करता है।

## इससे बढ़ता है रिस्क

मोटापा, सर्वाइकल कैंसर का जोखिम भरा कारक है। इसलिए इसे कंट्रोल करने के लिए संतुलित पौष्टिक आहार ग्रहण करना और नियमित रूप से व्यायाम करना आवश्यक है। जो महिलाएं मोटापे से ग्रस्त नहीं हैं, उन्हें भी अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए और अपने डॉक्टर या डाइटिशियन से परामर्श लेकर हेल्दी डाइट ग्रहण करना चाहिए। किसी भी तरह का मादक पदार्थ और तंबाकू का सेवन हानिप्रद है। कई लोगों के साथ यौन संबंध बनाने से बचने और कंडोम का उपयोग करने से एचपीवी के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### रोकथाम में आहार का महत्व

**सर्वाइकल कैंसर** की रोकथाम में स्वास्थ्यकर आहार की भी अपनी भूमिका है। एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर खाद्य पदार्थों जैसे, फलों और सब्जियों का नियमित रूप से सेवन करने से एचपीवी संक्रमण और गर्भाशय ग्रीवा में इसके कारण होने वाले सेलुलर परिवर्तनों से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिल सकती है। विटामिन-ए, विटामिन-सी, डी, ई, फोलेट और फ्लेवोनोइड जैसे पोषक तत्व गर्भाशय ग्रीवा की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।



**फिटनेस**

**डॉ. माजिद अलीम**

स्ट्रेचिंग केवल वार्मअप का तरीका नहीं होती है। इसे सही तरीके से रेग्युलर किया जाए तो इससे कंप्लीट एक्सरसाइज के फायदे हासिल किए जा सकते हैं। इससे क्या फायदे होते हैं, इसके प्रमुख प्रकार कौन से हैं, बता रहे हैं यहां।

# कंप्लीट एक्सरसाइज है स्ट्रेचिंग



आमतौर पर मानते हैं कि स्ट्रेचिंग, सिर्फ यह होती है कि कमर झुकाओ और अपने पैरों को छू लो। स्ट्रेचिंग, वर्कआउट से पहले केवल वार्म-अप करना भी नहीं है बल्कि यह अपने आप में एक्सरसाइज है।

## होते हैं कई फायदे

स्ट्रेचिंग से दिल और दिमाग रिलैक्स होता है और रोजमर्रा के जीवन के तनावों को दूर करने में मदद मिलती है। शरीर को भी इससे बहुत फायदा मिलता है। इसीलिए स्ट्रेचिंग को एक कंप्लीट एक्सरसाइज माना जाता है क्योंकि इससे शरीर में फ्लेक्सिबिलिटी (लचीलापन) बढ़ती है। स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों और जोड़ों की रेंज ऑफ मोशन बढ़ती है, जिससे शरीर ज्यादा सक्रिय और लचीला बनता है।

## बेहतर होता है ब्लड सर्कुलेशन

जब हम स्ट्रेच करते हैं, तो मांसपेशियों में रक्त प्रवाह बढ़ता है। यह ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति बढ़ाकर ऊतकों की सेहत सुधारता है। इससे तनाव और मानसिक थकान भी कम होती है। धीमी और गहरी स्ट्रेचिंग, खासकर सांस पर फोकस के साथ, मानसिक तनाव को कम करती है। कई बार इसे मेडिटेटिव (ध्यानात्मक) गतिविधि के रूप में भी अपनाया जाता है।

## मांसपेशियां होती हैं मजबूत



नियमित स्ट्रेचिंग से मांसपेशियों की लंबाई और संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है, जो शरीर की सही मुद्रा को सपोर्ट करता है। इसीलिए संतुलित फिटनेस कार्यक्रम की एक मुख्य कड़ी के रूप में स्ट्रेचिंग को चिन्हित किया जाता है। इससे चोट लगने का खतरा कम होता है, शरीर की मूवमेंट बढ़ जाती है, बॉडी रिलैक्स होती है, एक्सरसाइज परफॉर्मेंस बढ़ जाता है, पोस्चर बेहतर होता है और शरीर लचीला और सतर्क रहता है।

## किसे स्ट्रेच करना चाहिए

स्ट्रेचिंग सभी के लिए अच्छी है। आपका रूटीन कैसा भी हो। स्ट्रेचिंग के लाभ अनगिनत हैं। क्योंकि स्ट्रेचिंग संतुलित फिटनेस कार्यक्रम का महत्वपूर्ण हिस्सा है। स्ट्रेचिंग के लाभों के बारे में जो निरंतर शोधों से पुष्टि हो रही है, उससे प्रभावित होकर अमेरिकन कॉलेज ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन ने संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दिशा निर्देशों में स्ट्रेचिंग को भी शामिल किया है।

## एथलीट्स के लिए लाभदायक

लगातार दौड़ने से मांसपेशियों में अकड़ाहट बढ़ जाती है और लचीलापन कम हो जाता है। ऐसे में धावकों के लिए स्ट्रेचिंग न सिर्फ लचीलापन लाती है, बल्कि उनका सामान्य चोटों से भी बचाव करती है जैसे फुटबॉल से जुड़ी कमर की समस्या, कंधे में सूजन, टेनिस एलबो जिनका संबंध अन्य स्पोर्ट्स से है जैसे टेनिस, या घुटने की समस्या जो दौड़ने या स्क्वैश के कारण होती है।

## कमर दर्द में कारगर



कमर के निचले हिस्से में दर्द का मुख्य कारण कम लचीलापन और हैमस्ट्रिंग्स होता है। ध्यान रखें कि जो मांसपेशी निरंतर सिकुड़ी हुई रहती हैं, उसे शांत करने के लिए अधिक ऊर्जा की जरूरत होती है। स्ट्रेचिंग से स्पाइन रिलैक्स होती है, जिससे मस्कुलर टेंशन दूर होती है। स्ट्रेचिंग से पोस्चर की अधिकतर समस्याएं मांसपेशियों में टाइटनेस के कारण खराब एलाइनमेंट की वजह से होती है। स्ट्रेचिंग से सॉफ्ट टिश्यु स्ट्रेचिंग रिएलाइन हो जाते हैं और पोस्चर ठीक रहता है। इसलिए स्ट्रेचिंग को फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करें।

## कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग

आपको कुछ इफेक्टिव स्ट्रेचिंग के बारे में यहां बता रहे हैं।

**कॉफ स्ट्रेचिंग:** सीधा पैर आगे बढ़ाते हुए बड़ा कदम लें, सीधा पैर मुड़ा हुआ, उल्टा पैर सीधा अपने कूल्हों को आगे की तरफ मुड़े हुए घुटने की ओर बढ़ाएं। दोनों पैरों को आगे की ओर प्वाइंट करें और उल्टी एड़ी को जमीन पर लटकने दें। थोड़ी देर ऐसे ही रूकें और फिर साइड बदल लें। जांघ का अगला हिस्सा- सीधे खड़े हो जाएं। सीधे पैर को सीधे हाथ से पकड़ लें। अपने पैर को कूल्हे की ओर लाएं, घुटनों के साथ रखते हुए। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से दोहराएं।

**जांघ का पिछला हिस्सा:** एक पैर को आहिस्ता से उठाएं और किसी उठी हुई जगह पर रख लें, जैसे पार्क बैंच। अपने कूल्हों को स्क्वेयर रखते हुए, अपने पेट से झुकें और शरीर के ऊपरी हिस्से को आगे की ओर झुकाएं। थोड़ी देर रुकें और फिर दूसरे पैर से यही प्रक्रिया दोहराएं।

**वेस्ट स्ट्रेचिंग:** पैरों को कंधे की सीध में चौड़ा कर लें, घुटने थोड़े से मुड़े हुए हों और पैर के अंगूठे सीधे प्वॉइंट करते हुए, सीधे हाथ को कूल्हे पर रख लें और उल्टे हाथ को सिर के ऊपर ले जाएं। आहिस्ता से वेस्ट पर बेंड करें साइड में और एक मिनट तक ठहरें। दूसरी साइड से भी ऐसा ही दोहराएं।

**ऊपरी कमर की स्ट्रेचिंग:** इसके लिए सीधे खड़े होकर आगे की ओर हाथों को ऐसे बांध लें कि कमर के ऊपरी हिस्से में स्ट्रेचिंग महसूस हो। स्ट्रेचिंग के दौरान सिर को नीचा करें ताकि चिन सीने के करीब आ जाए।

**नेक स्ट्रेचिंग:** अपना सिर दाईं तरफ झुका लें जिससे कान, कंधे के करीब हों फिर बीच में आ जाएं। अब दूसरी साइड से भी ऐसा करें।

**कंधों का स्ट्रेच:** सीधे हाथ को सीने पर समतल क्रॉस कर लें। बांया हाथ उस पर कोहनी के पास रख लें, सीधे हाथ को सीने की ओर खींचें।

**चेस्ट स्ट्रेचिंग:** बैठकर अपने दोनों हाथ कमर पर रखें फिर दोनों हाथों को आपस में बांध लें और हाथों को ऊपर उठाएं ताकि पेक्टोरल्स में स्ट्रेच महसूस हो। *






## खबर संक्षेप



### हार मेरे लिए निर्णायक मोड़ : नीतू घंघास

**ग्रेटर नोएडा।** पिछले साल राष्ट्रीय चैंपियनशिप में मिली अप्रत्याशित हार नीतू घंघास के लिए एक बड़ा झटका थी लेकिन इससे उनके कॅरियर की दिशा बदल गई और उन्होंने निकहत जरीन के वर्चस्व वाले 51 किलोग्राम भार वर्ग में खेलने का फैसला किया ताकि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक जीतने का अपना सपना साकार कर सके। गैर ओलंपिक वर्ग 48 किलोग्राम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता और 2023 की विश्व चैंपियन नीतू को पिछले साल की महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में क्वार्टर फाइनल में मीनाक्षी हुड्डा ने हराया था, जिन्होंने बाद में विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। नीतू ने कहा, 'मीनाक्षी से हारना एक तरह से मेरे लिए अच्छा साबित हुआ। अगर मैं जीत जाती और मुझे स्वर्ण पदक मिल जाता तो मैं निश्चिंत हो जाती और फिर कभी 51 किलोग्राम वर्ग में नहीं आती। वह हार मेरे लिए एक निर्णायक मोड़ थी।

### धावक जॉनसन ने किया संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और भारतीय धावक जिन्सन जॉनसन ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि 15 वर्षों के करियर के बाद अब कुछ नया करने का समय आ गया है। केरल के इस 34 वर्षीय एथलीट ने कहा कि उनका सफर 'मुश्किल ट्रेनिंग, संघर्षों और दर्दनाक चोटों' से भरा रहा। जॉनसन ने अक्टूबर 2023 में हांग्झोउ एशियाई खेलों में 1500 मीटर में कांस्य पदक जीतने के बाद से किसी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ क्षण 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 1500 मीटर में तीन मिनट 44.72 सेकेंड के समय से स्वर्ण पदक जीतना रहा। इन्हीं खेलों में उन्होंने 800 मीटर में रजत पदक भी जीता था।



### मुंबई इंडियंस ने भरी जीत की मानसिकता



**मुंबई।** हरमनप्रीत कौर ने कहा कि महिला प्रीमियर लीग और उनकी टीम मुंबई इंडियंस ने उनके भीतर जीत की मानसिकता भरी, जिसका इस्तेमाल उन्होंने भारतीय महिला टीम को वनडे विश्व कप जिताने में किया। डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस को दो खिताब दिला चुकी हरमनप्रीत ने कहा कि फ्रेंचाइजी ने प्रतिस्पर्धा में अलग सोच के साथ उतरने में उनकी मदद की। उन्होंने कहा,' मेरा मानना है कि मैं जहां भी जाती हूं, जीत के बारे में ही सोचती हूं क्योंकि भागीदारी तो हम बरसों से कर रहे हैं।

### अंडर 19: साउथ अफ्रीका नहीं कर पाई 394 रन चेज, 160 रन पर सिमटी

# टीम इंडिया के विशाल स्कोर के आगे दक्षिण अफ्रीका पस्त, सूर्यवंशी बने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'

- वैभव की कप्तानी में शानदार आगाज, भारत ने साउथ अफ्रीका को 233 रन से हराया, सीरीज की क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| बेनोनी

वैभव सूर्यवंशी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए सैकड़ा जड़ा जबकि आरोन जॉर्ज ने भी शतकीय पारी खेली, जिससे भारत की अंडर-19 टीम ने तीसरे युवा वनडे में दक्षिण अफ्रीका को 233 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला क्लीन स्वीप कर ली। कप्तान सूर्यवंशी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद एक बार फिर छक्कों की बरसता करते हुए 74 गेंद में 127 रन बनाए, जिसमें 10 छक्के और 9 चौके शामिल थे। सूर्यवंशी को जॉर्ज का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 106 गेंद में 118 रन बनाए। इस तरह दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 227 रन की भागीदारी निभाकर बड़े स्कोर की नींव रखी। इस तरह भारत ने सात विकेट पर 393 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो दक्षिण अफ्रीका के लिए बहुत बड़ा लक्ष्य साबित हुआ और टीम 35 ओवर में 160 रन पर ऑल आउट हो गई। इस सीरीज की 3 पारियों में वैभव ने 206 रन बनाए, जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल था। वह इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच और साथ ही प्लेयर ऑफ द सीरीज भी बने।



### 15 जनवरी से अंडर 19 विश्व कप

अब भारतीय अंडर 19 टीम 15 जनवरी को अंडर 19 विश्व कप 2026 के पहले दिन यूएसए के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। हर ग्रुप में चार-चार टीमों को रखा गया है। भारतीय टीम ग्रुप ए में यूएसए, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड की अंडर 19 टीमों के साथ मौजूद है। कप्तान आयुष म्हात्रे और उपकप्तान विहान मल्होत्रा दोनों विश्व कप स्क्वाड का हिस्सा हैं। टूर्नामेंट के लिए दोनों पूरी तरह फिट होंगे या नहीं इस पर जल्द ही अपडेट सामने आ जाएगा।

### नटांडो सोनी 61 रन देकर लिए 3 विकेट

मेजबान टीम के लिए नटांडो सोनी (61 रन देकर तीन विकेट) और जेसन रोल्स (59 रन देकर दो विकेट) ने मिलकर पांच विकेट लिए। इस बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने चौथे ओवर में 15 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। किशन सिंह ने अपनी गेंदों से कहर बरपाते हुए शीर्ष क्रम में जोरिच वैन शाल्कविक (01), अदनान लागडियन (09) और लेथाबो फाहलामोहलाका (शून्य) को आउट कर दिया। उन्नीस साल के किशन सिंह ने दूसरे मैच में भी चार विकेट लिए थे और एक बार फिर सबसे सफल गेंदबाज रहे। डैनियल बोसमैन (40) और रोल्स (19) ने कुछ देर तक संघर्ष किया। इससे दक्षिण अफ्रीका 23वें ओवर में 99 रन पर छह विकेट गंवा बैठी। पॉल जेम्स (41) और कॉर्नें बोथा (नाबाद 36 रन) ने सिर्फ हार को टाला।

### तीसरे वनडे में विशाल जीत

भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए तीसरे वनडे मैच में 388 रन 7 विकेट पर बनाए और 5 रन भारत को पेनल्टी के रूप में मिले। इसके बाद मेजबान टीम के सामने था 394 रन का लक्ष्य। जवाब में साउथ अफ्रीका अंडर 19 की पूरी टीम 35 ओवर में 160 रन बनाकर सिमट गई। किशन कुमार सिंह गेंदबाजी में हीरो रहे और शुरुआत में तीन विकेट लेकर उन्होंने प्रोटियास की कमर तोड़ दी। उसके बाद हेनिल पटेल ने भी एक विकेट शुरुआत में झटका और उद्धव मोहन को भी एक सफलता मिली। भारतीय टीम की गेंदबाजी शानदार रही। भारत ने अपने दो प्रमुख गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन और खिलन पटेल को इस मैच में आराम दिया था। मोहम्मद एनान और कनिष्क चौहान ने खिलन की कमी नहीं महसूस होने दी। वहीं हेनिल ने भी दीपेश की कमी को पूरा किया।

टी20 विश्व कप

## न्यूजीलैंड स्क्वॉड का ऐलान सेंटनर को टीम की कमान



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने टीम का ऐलान कर दिया है। अनुभवी ऑलराउंडर मिचेल सेंटनर 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। अनुभवी स्पिनर ईश सोढ़ी भी टीम का हिस्सा हैं।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी का साल 2025 में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्हें भी टीम में जगह दी गई है। डफी ने पिछले साल तीनों फॉर्मेट मिलाकर 81 विकेट लिए थे। तेज गेंदबाजी में डफी के साथ लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी और एडम मिल्ने को जगह दी गई है। जिमी नीशम भी तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल हैं।

ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल, ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र टीम में गेंदबाजी और बल्लेबाजी को मजबूत करेंगे। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी टिम सीफर्ट को दी गई है। काइल जैमीसन रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल हैं।

### न्यूजीलैंड का पहला मुकाबला अफगानिस्तान से

न्यूजीलैंड को ग्रुप डी में अफगानिस्तान, कनाडा, साउथ अफ्रीका और यूएई के साथ रखा गया है। टीम का पहला मुकाबला 8 फरवरी को चेन्नई में अफगानिस्तान के खिलाफ होगा। विश्व कप भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 7 फरवरी से 8 मार्च तक खेला जाना है।

### आधुनिक क्रिकेट की धड़कन भारत

न्यूजीलैंड के हेड कोच रॉब वाल्टर टी20 विश्व कप को लेकर उत्साहित हैं। वॉल्टर ने कहा,"विश्व कप खास होते हैं, और भारत आधुनिक क्रिकेट की धड़कन है और इससे बेहतर जगहें बहुत कम हैं।" उन्होंने कहा कि मेगा इवेंट के लिए चुनी गई टीम संतुलित है। हमारे पास बैटिंग में बहुत पावर और स्किल है, क्वालिटी बॉलर हैं जो हालात के हिसाब से ढल सकते हैं, साथ ही पांच ऑल-राउंडर हैं जो सभी कुछ अलग लाते हैं। यह एक अनुभवी ग्रुप है और खिलाड़ी सब-कॉन्टिनेंट में खेलने के लिए नए नहीं हैं, जो उनके लिए फायदेमंद होगा।

यूनाइटेड कप

## कोको ने जीते एकल-युगल मैच, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| पर्थ

कोको गॉफ ने ग्रुप चरण के एक मैच में हार को पीछे छोड़कर शानदार प्रदर्शन करके अपने एकल और युगल मैच जीते, जिससे मौजूदा चैंपियन अमेरिका ने यूनान को 2-1 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गॉफ ने मारिया सकारी को 6-3, 6-2 से हराकर अमेरिका को 1-0 से बढ़त दिलाई। टेलर फ्रिट्ज हालांकि पुरुष एकल में स्टेफानोस सिटसिपास से वह 6-4, 7-5 से हार गए। गॉफ ने इसके बाद क्रिश्चियन हैरिसन के साथ मिलकर मिश्रित युगल में सिटसिपास और सकारी को 4-6, 6-4, 10-8 से हराकर अमेरिका की सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। विश्व रैंकिंग में चौथे नंबर की खिलाड़ी गॉफ को इससे पहले ग्रुप चरण की अपने आखिरी एकल मैच में हार का सामना करना पड़ा था। वह विश्व में 42वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौज़ास मानेरो से 6-1, 6-7 (3), 6-0 से हार गईं थी। लेकिन फ्रिट्ज ने अपना एकल मैच जीता तथा गॉफ और हैरिसन ने मिश्रित युगल में जीत हासिल करके अमेरिकी टीम को क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।




## टी20 विश्व कप खेलेंगे शाहीन : सलमान आगा

एजेंसी ▶▶| कराची

पाकिस्तान की टी20 टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने उम्मीद जताई है कि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी घुटने की चोट से उबरकर अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप तक पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। अफरीदी पाकिस्तान के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अहम खिलाड़ी हैं तथा भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

सलमान ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि वह विश्व कप के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन अंतिम फैसला मेडिकल पैनल की सलाह पर (पाकिस्तान क्रिकेट) बोर्ड करेगा।' अफरीदी अभी लाहौर के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेडिकल पैनल की देखरेख में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के एक मैच में फील्डिंग करते समय शाहीन के घुटने में चोट लग गई थी। इसके बाद पीसीबी ने उन्हें रिहैबिलिटेशन के लिए वापस बुला लिया था। सलमान ने यह भी कहा कि पाकिस्तान विश्व कप के लिए संतुलित और मजबूत टीम तैयार करने में कामयाब रहा है और श्रीलंका में होने वाली श्रृंखला से उनके खिलाड़ियों को परिस्थितियों के अनुकूल होने में मदद मिलेगी।

## एसए20: एमआई केपटाउन ने जोबर्ग सुपर किंग्स को चार विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| केपटाउन

साउथ अफ्रीका टी20 लीग में एमआई केपटाउन और जोबर्ग सुपरकिंग्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें एमआई केपटाउन ने 4 विकेट से जीत हासिल की। बारिश से प्रभावित मैच 20 ओवर की जगह 12 ओवर का खेला गया। टॉस एमआई केपटाउन ने जीता था और गेंदबाजी का फैसला लिया था।

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी जोबर्ग सुपरकिंग्स ने कप्तान फाफ डु प्लेसिस के 21 गेंद पर 44, मैथ्यू डिविलियर्स के 15 गेंद पर 21, जेम्स विंस के 15 और शुभम रंजने के 12 रन की मदद से 12 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 123 रन बनाए। एमआई के लिए कॉर्बिन बोश ने 3 ओवर में 24 रन देकर 3, कप्तान राशिद खान ने 3 ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए। कगिसो रबाडा और जॉर्ज लिंडे को 1-1 विकेट मिले। एमआई केपटाउन ने 11.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाकर मैच 4



विकेट से जीत लिया। रासी वानडर डुसेन ने 24 गेंद पर 3 छक्के लगाते हुए 35, निकोलस पूरन ने 15 गेंद पर 5 छक्के लगाते हुए 33 और जेसन स्मिथ ने 7 गेंद पर 3 छक्के लगाते हुए 22 रन बनाकर एमआई की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### प्लेयर ऑफ द मैच रहे पूरन

जोबर्ग के लिए नांद्रे बर्गर ने 2, अकील हुसैन, रिचर्ड ग्लिसन और वियान मुल्डर ने 1-1 विकेट लिए। निकोलस पूरन प्लेयर ऑफ द मैच रहे। इस जीत के साथ एमआई केपटाउन ने अपनी लगातार हार का सिलसिला तोड़ा है। एमआई की सीजन के छठे मैच में यह पहली जीत है। टीम को 4 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच का परिणाम नहीं आया है। अंक तालिका में एमआई सबसे नीचे, छठे नंबर पर है। सनराइजर्स ईस्टर्न कैप पहले, जोबर्ग सुपर किंग्स दूसरे, पार्ल रॉयल्स तीसरे, डरबन सुपर जायंट्स चौथे और प्रिटोरिया कैपिटल्स पांचवें नंबर पर है।

## सिंधू की जोरदार वापसी, 51 मिनट में युन को हराया

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर



चोटिल होने के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी कर रही भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू तथा चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी ने नए सत्र की जीत से शुरुआत करते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में अपने-अपने वर्ग में अगले दौर में प्रवेश किया।

पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू पिछले साल अक्टूबर में पैर की चोट से उबरने के लिए सभी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं से हट गई थी। उन्होंने वापसी पर अच्छा खेल दिखाया तथा 51 मिनट तक चले महिला एकल के मुकाबले में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन को 21-14, 22-20 से हराया। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने चीनी ताइपे के यांग पो ह्सुआन और ली झे-हुए को 35 मिनट में 21-13 21-15 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप से होगा।

### कपिला और क्रास्टो की जोड़ी बाहर

ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी 56 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की अमेरिकी जोड़ी से 15-21, 21-18, 15-21 से हारकर बाहर हो गई। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने इंडोनेशिया की फेब्रिआना द्विपुजी कुसुमा और मेइलिसा ट्रायस पुष्पितासारी के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में उन्हें 66 मिनट के मुकाबले में 9-21 23-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। पांडा बहनें रुतुपर्णा और श्वेतपर्णा भी पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से एकतरफा मुकाबले में 11-21 9-21 से हार गईं।

## बेथेल के 142 रनों से इंग्लैंड ने टाली पारी की हार, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶| सिडनी

जैकब बेथेल ने अपना पहला टेस्ट शतक बनाया, जिससे इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवां और अंतिम एशेज टेस्ट क्रिकेट मैच पांचवें दिन तक खींचकर अपनी उम्मीद भी कायम रखी। 22 वर्षीय ऑलराउंडर बेथेल इंग्लैंड की दूसरी पारी के पहले ओवर में क्रीज पर आए क्योंकि मिशेल स्टार्क ने पांचवीं गेंद पर जैक क्रॉली (01) को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था। बेथेल ने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक 232 गेंद का सामना करके 142 रन बनाए हैं। उनकी इस शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड ने अपनी दूसरी पारी में आठ विकेट पर 302 रन बनाए हैं। इस तरह से इंग्लैंड ने अभी तक 119 रन की बढ़त हासिल कर ली है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 567 रन बनाकर 183 रन की बढ़त हासिल की थी।



**कार्यालय नगर पालिक निगम बिलासपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्र. 44/न.पा.नि./जोन क्र. 3/2025-26 दिनांक 29/12/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 21.01.2026 को सायंकाल 5:30 बजे तक ऑनलाईन (online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| निविदा क्रमांक/सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड/सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 182590 | वार्ड क्रमांक 16 कुदुदण्ड में स्थित सामुदायिक भवन में बोर खनन एवं निर्माण कार्य। | 10.00 | 21.01.2026 |
| 182591 | वार्ड क्रमांक 19 जतिया तालाब के पास सामुदायिक भवन के अधुरा कार्य को पूर्ण करने का कार्य। | 10.00 | 21.01.2026 |

उपरोक्त प्रदाय कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता, जोन क्र. 3,
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City.

**कार्यालय नगर पंचायत भटगांव, जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ. ग.)**
EmailID :- cmonpbhatgaon01@gmail.com

क्रमांक/953 /न.पं.भ. /लो.नि.वि./2025-26 **E-Procurement Tender Notice (3rd Call)** भटगांव, दिनांक 06/01/2026

एतद् द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्म से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| SI. No. | SYSTEM TENDER NO: | Description | EMD/Cost of Tender Form/TDR/FDR |
|---|---|---|---|
| 1 | 182939 | Desion Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Bhatgaon under SBM 2.0 | Rs. 205.07 LAC Rs. 150000 /- |

उपरोक्त कार्य के सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in परं देखी जा सकती हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in**

NIT. No. 896 Saraipali/Dated 29-12-2025

Online bids are invited for followings works up to 28/01/2026

| S. NO. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract (In Lakh) | Earnest Money (In Lakh) | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 182563 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of Saraipali, Chhattisgarh | Rs 71.45 | Rs 0.54 | In Class D or above registered with Unified Registration System (Single Window) on GoCG PWD. |

The details can be viewed and downloaded online directly from Government of Chhattisgarh e-Procurement System Portal (https://cgeprocurement.gov.in) from 29-12-2025 at 17:00 Hours (IST) on wards. For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सरायपाली




# यूपी के इस मंदिर में एक साथ जुड़े हैं दो शिवलिंग, खुद बदलते हैं रंग!

**नई दिल्ली।** शाहजहांपुर के प्राचीन चौकसी नाथ मंदिर में महादेव का ऐसा चमत्कार दिखता है, जिसे देख लोग दांतों तले उंगली दबा लेते हैं। यहां स्थापित स्वयंभू शिवलिंग रहस्यमयी तरीके से नीला, काला और भूरा रंग बदलते हैं। 9 पीढ़ियों से एक ही परिवार द्वारा संरक्षित इस मंदिर में एक साथ दो शिवलिंग जुड़े हुए हैं। मान्यता है कि सूखा पड़ने पर शिवलिंग को जलमग्न करने से इंद्र देव प्रसन्न होकर वर्षा करते हैं। आस्था और रहस्य का यह संगम भक्तों के लिए कौतूहल का विषय है। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले का चौक इलाका आध्यात्मिक शक्ति का केंद्र बना हुआ है। यहां स्थित चौकसी नाथ मंदिर शिव भक्तों की अगाध श्रद्धा का प्रतीक है।

### 9 पीढ़ियों से एक ही परिवार कर रहा है सेवा

मंदिर के मुख्य पुजारी विजय गिरी ने बताया कि इस दिव्य स्थान का इतिहास उनके पूर्वज पंडित सुखलाल से जुड़ा है, जिन्हें स्वयं भगवान भोलेनाथ ने दर्शन दिए थे। वर्तमान में उनकी नौवीं पीढ़ी इस मंदिर की सेवा और संरक्षण कर रही है। नौ पीढ़ियों से एक ही परिवार द्वारा संरक्षित इस मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं का विश्वास है कि महादेव के दर्शन मात्र से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और क्षेत्र को प्राकृतिक आपदाओं से रक्षा मिलती है।

## कभी नीले, कभी काले...रहस्य जानकर चौंक जाएंगे



### रंग बदलने वाले शिवलिंगों का रहस्य

चौकसी नाथ मंदिर की सबसे रहस्यमयी बात शिवलिंगों का रंग बदलना है। मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि ये शिवलिंग कभी नीले, कभी भूरे तो कभी काले रंग के दिखाई देते हैं। महादेव के इस अद्भुत चमत्कार को देखने और जलाभिषेक करने के लिए दूर-दराज से श्रद्धालु यहां खिंचे चले आते हैं।

### सूखा पड़ने पर महादेव की शरण वर्षा की अनूठी परंपरा

इस मंदिर से जन कल्याण की एक अनूठी परंपरा जुड़ी है। पुजारी के अनुसार, जब कभी क्षेत्र में भीषण सूखा पड़ता है, तो दोनों शिवलिंगों को पूरी तरह जल से सराबोर कर दिया जाता है। लोक मान्यता है कि ऐसा करने के तुरंत बाद क्षेत्र में वर्षा अवश्य होती है। यह अटूट विश्वास ही है कि प्राकृतिक आपदाओं के समय स्थानीय लोग सबसे पहले चौकसी नाथ की शरण में आते हैं।

### अमावस्या पर लगता है भव्य मेला

यहां अमावस्या का दिन विशेष उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में एक विशाल मेला लगता है, जहां हजारों की संख्या में भक्त महादेव के दर्शन करने पहुंचते हैं। भक्तों का मानना है कि संकट के समय भोलेनाथ के द्वार पर मत्था टेकने से हर बाधा दूर होती है और घर में सुख-समृद्धि का वास होता है।

## रोचक खबरें



### दिमाग से पहले चलना सीख गया इंसान! रेगिस्तान में छुपा था सच

**वॉशिंगटन।** इंसान के इतिहास से जुड़ी एक नई और चौंकाने वाली खोज सामने आई है। वैज्ञानिकों ने करीब 70 लाख साल पुराने जीवाश्मों की रिसर्च से पता लगाया है कि इंसान के शुरुआती पूर्वज दो पैरों पर चल सकते थे। रिसर्च बताती है कि दिमाग के बड़े होने से पहले ही इंसान के पूर्वज खड़े होकर चलने लगे थे। इंसान कैसे चलना सीख गया ये सवाल लंबे समय से वैज्ञानिकों के लिए रहस्य बना हुआ था।अब विज्ञान की प्रगति नाम की वैज्ञानिक पत्रिका में छपी एक नई स्टडी ने इस रहस्य पर से पर्दा उठा दिया है। रिसर्च के मुताबिक सहेलंथ्रोपस चाडेन्सिस नाम का जीव जो आज से करीब 70 लाख साल पहले अफ्रीका में रहता था दो पैरों पर चलने की क्षमता रखता था। बता दें कि प्रजाति के जीवाश्म सबसे पहले साल 2001 में अफ्रीकी देश चाड के रेगिस्तानी इलाके में खोजे गए थे। तभी से यह बहस चल रही थी कि यह जीव बंदरों की तरह चलता था या इंसानों की तरह सीधा खड़ा होकर। अब नई तकनीक से की गई जांच ने इस बहस को काफी हद तक खत्म कर दिया है।

### ट्रांसजेंडर भाई ने बहन को दिया मां बनने का सुख

**लंदन।** यह एक ऐसे ट्रांसजेंडर भाई की कहानी है, जिसने बता दिया कि अपने परिवार की खातिर दी गई कुर्बानी ही सबसे बड़ा 'इश्क' है। इस 'भाई' ने अपनी बहन के लिए जो किया, उसके बारे में जानकर हर कोई उसे 'सुपर ब्रदर' कह रहा है। कहते हैं कि रिश्ते की खूबसूरती अक्सर मुश्किल घड़ी में ही निखर कर सामने आती है। लंदन के 30 वर्षीय केनी एथन जोन्स ने कुछ ऐसा कर दिखाया है, जिसने न केवल सोशल मीडिया पर लाखों लोगों का दिल जीत लिया है, बल्कि भाई-बहन के अटूट प्रेम की नई परिभाषा भी लिखी है। केनी की बहन किजी जोन्स कई सालों से मां बनने का सपना देख रही थीं। लेकिन, ढलती उम्र और स्वास्थ्य संबंधी कारणों से उन्हें बार-बार मिसकैरिज का दर्द झेलना पड़ रहा था। डॉक्टरों ने बताया कि उनकी कोख तो स्वस्थ है, पर अंडों की गुणवत्ता सही नहीं होने के कारण वे प्रेग्नेंट नहीं हो पा रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, केनी ट्रांसजेंडर पुरुष हैं, और 10 सालों से हार्मोन थेरैपी पर थे।

### मंदिर में कैप्टन अमेरिका-सुपरमैन की मूर्ति? देखिए भारतीय शख्स ने क्या खोज निकाला!

**बैंकाक।** इस बौद्ध मंदिर की सबसे बड़ी खासियत इसकी मुख्य वेदी के नीचे लगी दिग्गज फुटबॉलर डेविड बेकहम की मूर्ति है, जो कि सोने की परत चढ़ी हुई है। इस वजह से स्थानीय और पर्यटक इसे प्यार से 'डेविड बेकहम मंदिर' भी कहते हैं। यह अनोखा मंदिर थाईलैंड के बैंकॉक में मौजूद है। अगर हम आपसे कहें कि एक ऐसा मंदिर भी है, जहां भगवान से साथ-साथ डेविड बेकहम, स्पाइडरमैन और पिकाचू जैसे कार्टून कैरेक्टर की भी मूर्तियां हैं, तो शायद आप यकीन न करें। आप मानें या ना मानें, लेकिन थाईलैंड के बैंकॉक में स्थित 'वाट परिवत' मंदिर में यह हकीकत है। सोशल मीडिया पर इस मंदिर का एक वीडियो धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसने पूरी दुनिया के नेटिजन्स को हैरान कर दिया है। इस बौद्ध मंदिर की सबसे बड़ी खासियत इसकी मुख्य वेदी के नीचे लगी दिग्गज फुटबॉलर डेविड बेकहम की मूर्ति है, जो कि सोने की परत चढ़ी हुई है। इस वजह से स्थानीय और पर्यटक इसे प्यार से 'डेविड बेकहम मंदिर' भी कहते हैं। वायरल क्लिप में दिखाया गया है कि मंदिर की दीवारों और कोनों में कई चौंकाने वाले किरदार छिपे हैं। आपको यहां दीवारों पर कैप्टन अमेरिका, वूल्वरिन, सुपरमैन, एक्वामैन जैसे सुपरहीरोज और मिकी माउस-पिकाचू जैसे कार्टून कैरेक्टर की नक्काशी देखने को मिलेंगी।




### वाइकिंग बेबी की चाहत से पैदा हुआ बड़ा खतरा

# दुनियाभर की महिलाओं में इस देश से स्पर्म खरीदने के लिए होड़

कोपेनहेगन। दुनिया के सबसे खुशहाल और खूबसूरत देशों में शुमार डेनमार्क हालिया समय में एक अलग वजह से चर्चा में है। डेनमार्क ऐसा देश है, जहां हर 100 बच्चों में से एक बच्चा स्पर्म डोनेशन से पैदा होता है। दुनिया को स्पर्म निर्यात करने में भी 60 लाख की आबादी वाला यह स्कैंडिनेवियाई देश पावरहाउस माना जाता है। हालांकि, इस इंडस्ट्री पर हालिया समय में कई सवाल उठे हैं। इस इंडस्ट्री के सियाह पहलू भी सामने आ रहे हैं। डेनमार्क कई देशों में स्पर्म स्पर्म सप्लाई करता है। दुनियाभर की महिलाओं को डेनमार्क के गोरे, नीली आंखों वाले डोनर की तलाश रहती है। इसका फायदा उठाते हुए डेनमार्क की स्पर्म इंडस्ट्री दुनिया को 'वाइकिंग स्पर्म' निर्यात करती है, जिससे खूबसूरत स्वस्थ बच्चे (वाइकिंग बेबी) पैदा हो सकें। इस इंडस्ट्री के सियाह पहलू का खुलासा तब हुआ, जब एक ऐसा डोनर 197 बच्चों का पिता बन गया, जिसमें कैंसर का म्यूटेशन था।

### रिपोर्ट में कैंसर का खुलासा

वायनेट के मुताबिक, एक हालिया जांच रिपोर्ट ने डेनमार्क की स्पर्म इंडस्ट्री के काले सच को उजागर किया है। रिपोर्ट बताती है कि एक डोनर ने 14 देशों की 67 क्लीनिकों के जरिए कम से कम 197 बच्चों को जन्म दिया। इन सभी बच्चों में एक जेनेटिक म्यूटेशन है, जो एक जानलेवा कैंसर से जुड़ा है। इनमें से कुछ बच्चों की मौत भी हो चुकी है। इस स्पर्म डोनर व्यक्ति ने 2005 में डोनेशन शुरू किया था और 17 साल तक जारी रखा। इससे जिन बच्चों को यह म्यूटेशन मिला है, उन्हें कैंसर का खतरा है और उनकी लगातार मेडिकल निगरानी की जरूरत है। यह मामला तेजी से बढ़ते इस उद्योग पर बड़े सवाल खड़े करता है। खासतौर से स्पर्म डोनेशन को कैसे रेगुलेट किया जाता है, इस पर सवाल है।



### निगरानी की मांग

कैंसर का मामला सामने आने के बाद यूरोपीय संघ के अधिकारी स्पर्म एक्सपोर्ट की निगरानी के लिए अंतर्राष्ट्रीय रजिस्ट्री की मांग कर रहे हैं। दूसरी ओर डेनिश स्पर्म इंडस्ट्री के सामने चुनौती बढ़ी है। खासतौर से वाइकिंग स्पर्म की मांग को पूरा करने की हड़बड़ी में नियामक खामियां सामने आ रही हैं। इसने दुनिया का ध्यान खींचा है, खासतौर से यूरोप की नजर इस ओर लगी है।

### यूरोप और डेनमार्क

यूरोप के स्पर्म डोनेशन बाजार को करीब 1.3 अरब यूरो का है, जिसके 2033 तक 2.3 अरब यूरो का हो जाने की उम्मीद है। वहीं डेनमार्क दुनिया का सबसे बड़ा स्पर्म एक्सपोर्टर है। डेनमार्क स्थित क्रायोस इंटरनेशनल दुनिया का सबसे बड़ा स्पर्म बैंक है। यहां से 100 से ज्यादा देशों में स्पर्म एक्सपोर्ट होता है। स्पर्म की एक छोटी सी शीशी (आधा मिलीलीटर) की कीमत 100 से 1,000 यूरो तक होती है। नीदरलैंड और बेल्जियम जैसे देशों में स्पर्म डोनेशन से पैदा होने वाले 60% बच्चों के जैविक पिता डेनिश होते हैं। डेनमार्क के स्पर्म बैंक आमतौर पर महिलाओं को डोनर की प्रोफाइल देते हैं। इसमें उनकी तस्वीरें और पृष्ठभूमि शामिल होती है। ऐसे में गोरे और नीली आंखों वाले जेनेटिक्स का वादा दुनिया में एक बड़ा आकर्षण है।

## समुद्र की 3 किमी गहराई में मिली जमी हुई आग

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने आर्कटिक सागर में करीब 3.5 किमी की गहराई में दुनिया की सबसे गहरी ऐसी जगह खोज निकाली है जहां से गैस निकल रही है। इसे गैस हाइड्रेट कोल्ड सीप कहा जाता है। वैज्ञानिकों ने इस जगह को फ्रेया हाइड्रेट माउंट्स नाम दिया गया है। वैज्ञानिकों ने आर्कटिक महासागर के अंधेरे और ठंडे पानी में एक अनोखी दुनिया खोजी है। ग्रीनलैंड के पास समुद्र के नीचे करीब 3,640 मीटर की गहराई पर एक नया इकोसिस्टम मिला है। यह समुद्र की इतनी गहराई में है जहां सूरज की रोशनी कभी नहीं पहुंचती जिसे फ्रेया हाइड्रेट माउंट्स नाम दिया गया है। यह दुनिया का अब तक का सबसे गहरा कोल्ड सीप है जो ऐसी जगह होती है जहां समुद्र की सतह से मीथेन जैसी गैसें बाहर निकलती हैं। इतनी गहराई और जहरीली मीथेन गैस के बीच भी वैज्ञानिकों को कुछ अनोखे जीव मिले हैं, जो वहां मजे से रह रहे हैं। समुद्र की गहराई में वैज्ञानिकों को मिट्टी और चट्टानों का एक बहुत बड़ा टीला मिला है, जिसे उन्होंने फ्रेया हाइड्रेट माउंट्स नाम दिया है। इस टीले से लगातार मीथेन गैस बाहर निकल रही है और यहां से कच्चा तेल रिसता हुआ भी मिला है। इस पूरे मिशन को यूआईटी नाम की संस्था ने लीड किया।

### अंतरिक्ष में घूमते ब्लैक होल का सबसे बड़ा खुलासा

# 20 हजार किमी प्रति सेकंड की रफ्तार से चल रही हैं ये हवाएं

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने एक नई तकनीक की मदद से घूमते ब्लैक होल की सबसे साफ तस्वीर ली है। यह कामयाबी अंतरिक्ष में तैनात एक्स-रे इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नाम की दूरबीन से ली गई है। इसने नासा और यूरोपीस स्पेस एजेंसी की अन्य मशीनों के साथ मिलकर यह काम किया है। ब्लैक होल के पास लोहे के कणों से निकलने वाली एक्स-रे किरणों की जांच की गई जिससे अल्बर्ट आइंस्टीन के पुराने सिद्धांतों की पुष्टि हुई। वैज्ञानिकों ने जिस ब्लैक होल पर रिसर्च की वह धरती से 12 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर एक आकाशगंगा के केंद्र में है, जो हमारे सूरज से लगभग 20 लाख गुना भारी है।



### नई खोज से क्या साबित हुआ?

ब्लैक होल के पास से निकलने वाली ये किरणें दूर मौजूद गैस की तुलना में 50 गुना ज्यादा मजबूत थीं। वैज्ञानिकों ने यह भी पता लगाया कि यह ब्लैक होल बहुत ही तेजी से घूम रहा है। हालांकि, यह कितना तेज घूम रहा है इसका अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है क्योंकि इसकी चमक बार-बार बदल रही थी।

### वैज्ञानिकों के बीच चली लंबी बहस

पिछले कई सालों से वैज्ञानिकों के बीच एक बड़ी बहस चल रही थी। वे यह नहीं समझ पा रहे थे कि ब्लैक होल के पास से आने वाली रोशनी वहां गिरने वाली चीजों से निकल रही है या वहां चलने वाली तेज हवाओं से। एकसआरआईएसएम ने इतनी साफ तस्वीर ली कि वैज्ञानिकों को ब्लैक होल के बिल्कुल करीब लोहे की किरणों का एक खास निशान मिला।

### दूरबीन ने और क्या देखा?

वैज्ञानिकों ने ब्लैक होल के पास 5 अलग-अलग तरह की हवाओं की परतें देखी हैं जिनमें से कुछ हवाएं धूल से भरी हैं और कुछ गैस से। ये हवाएं 20,000 किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से चल रही हैं और इतनी तेज कि ये पलक झपकते ही पूरी दुनिया का चक्कर लगा सकती हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि ये तेज हवाएं ही तय करती हैं कि एक आकाशगंगा कैसे विकसित होगी और उसमें नए तारे कैसे बनेंगे।




# 132 ट्रिलियन किलोमीटर दूर मिली भूतिया दुनिया

### नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप ने खोजी तारों वाली डरावनी आकाशगंगा

**वॉशिंगटन।** नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप ने अंतरिक्ष में एक बेहद अनोखी खोज की है। वैज्ञानिकों को 'भूतिया आकाशगंगा' मिली है। इसमें एक भी तारा नहीं है। यह पूरी तरह अंधेरे में है। इसमें ज्यादातर डार्क मैटर और गैस मौजूद है। वैज्ञानिकों ऐसा मान रहे हैं कि यह एक ऐसी आकाशगंगा है जो कभी बन ही नहीं पाई है। देखा जाए तो हमारे अंतरिक्ष में कई रहस्य छुपे हैं। यहां पर कुछ चीजें इतनी अजीब होती हैं कि वे वैज्ञानिकों को भी चौंका देती हैं। एक खोज हाल ही में नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप ने की है



जिसने चौंकाकर रख दिया है। इस खोज का नाम बादल-9 रखा गया है। यह करीब 1.4 करोड़ लाइट ईयर दूर, मेसियर 94 नाम की एक स्पाइरल गैलेक्सी के पास मौजूद है। बादल-9 देखने में किसी आकाशगंगा जैसा लगता है। इसमें एक भी तारा नहीं है। यही वजह है कि इसे फेल्ड गैलेक्सी यानी असफल आकाशगंगा कहा जा रहा है। आमतौर पर आकाशगंगाएं तारों की रोशनी से चमकती हैं, लेकिन बादल-9 पूरी तरह अंधेरे है। इसे सामान्य टेलीस्कोप से देखना असंभव है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com